■ फाल्गुन कृष्णा - 12 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 222 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 07-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 सभ्य समाज को कलंकित करती है मेरा-तेरा की भावना : योगी आदित्यनाथ
6 एकादश रुद्र रूपों में दुखों का नाश करते हैं भगवान शिव
7 रामचरण के साथ 'आरसी 16' में नजर आयेगी जान्हवी कपूर




## फर्स्ट टेक

### नये सात ईएसआई अस्पतालों को स्वीकृति

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने ओडिशा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सात नये अस्पतालों के निर्माण को स्वीकृति दी है, जिन पर कुल 1128.21 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति की 231वीं बैठक कल देर शाम श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में यहां हुई। इस बैठक में बीमित श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल और नकद लाभ की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

### रिपब्लिकन से ट्रंप होंगे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

**वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका में भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए अपना प्रचार अभियान बुधवार को रोक दिया। उन्होंने यह निर्णय 'सुपर ट्यूजडे' को 15 राज्यों की पार्टी प्राइमरी में हार के बाद लिया है। हेली के इस फैसले के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार रह जाएंगे। इस तरह नवंबर में होने वाले चुनाव में ट्रंप के सामने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन होंगे।

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल कैद की सजा

**जौनपुर (उप्र)/भाषा।** जौनपुर की विशेष सांसद–विधायक अदालत ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात–सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनायी। इस सजा के बाद धनंजय अब आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने यहां बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष सांसद–विधायक अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था।

| | |
|---|---|
| 07-03-2024 सूर्यास्त 6:29 बजे | 08-03-2024 सूर्योदय 6:31 बजे |
| BSE 74,085.99 (+408.86) | NSE 22,474.05 (+117.75) |
| सोना 6,599 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 74,175 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**मेरा परिवार**

हर भारतवासी है परिजन,
इसमें कोई भी नहीं वाद।
आखिर क्यों हम सब करते फिर,
कुछ परिवारों का ही निनाद।
भूलो सत्ता में पुरखों को,
छोड़ो सब ही परिवारवाद।
कुछ काम करो ऐसा जिससे,
रख सके आपको सभी याद।।

# पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो लाइन का प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की।

**कोलकाता/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड–हावड़ा मैदान खंड का उद्घाटन किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है।

प्रधानमंत्री उसी रास्ते से एस्प्लेनेड स्टेशन लौटे और इस दौरान उनके साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान–एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपए की लागत से हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जोका–एस्प्लेनेड लाइन के 1.25 किलोमीटर तारातला–माजेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 520 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर समारोह स्थल से प्रधानमंत्री ने न्यू गरिया–एयरपोर्ट लाइन के कवि सुभाष–हेमंत मुखोपाध्याय खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 1,430 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कवि सुभाष–हेमंत मुखोपाध्याय खंड 5.4 किलोमीटर लंबा है और इससे कोलकाता के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों के इलाके मेट्रो के मानचित्र पर आ जाएंगे। एक बयान में कहा गया है कि इन खंडो से सड़क यातायात को सुगम करने तथा सुविधाजनक संपर्क प्रदान करने में मदद मिलेगी।



## सीबीआई को मीली शाहजहां शेख की हिरासत

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय से बुधवार सुबह नए दिशानिर्देश जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंतत: बुधवार शाम को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी।

सीबीआई अधिकारियों की टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को केंद्रीय एजेंसी के हवाले शाम छह बजकर 48 मिनट पर किया जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपराह्न चार बजकर 15 मिनट की समय सीमा तय की थी। सीआईडी के अधिकारी ने बताया, शाहजहां शेख को सीबीआई के हवाले कर दिया गया है।

केंद्रीय एजेंसी मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बावजूद पश्चिम बंगाल सीआईडी (अपराध अन्वेषण विभाग) से नहीं ले पाई थी।

## मोदी के नेतृत्व में देश 'पांच नाजुक' से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति–संचालित देश के रूप में उभरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।

शाह ने कहा, हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा, हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित, आत्मनिर्भर और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

गृह मंत्री ने कहा, भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है।

## केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने नई शिकायत दर्ज कराई



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए एक अदालत में नई शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई शिकायत आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल द्वारा समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से संबंधित है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को तय की है।

ईडी ने पूर्व में एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ी धन शोधन जांच में केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन पर पेश नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी।






**रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अड्डे**

## आईएनएस जटायु की लक्षद्वीप में हुई शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मिनिकॉय (लक्षद्वीप)/भाषा।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को मिनिकॉय द्वीप पर अपने नए अड्डा आईएनएस जटायु की शुरुआत की, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों के भीतर उसकी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगा। इस अड्डे से नौसेना टुकड़ी की परिचालन पहुंच बढ़ेगी और यह पश्चिमी अरब सागर में समुद्री डकैती और मादक द्रव्य रोधी अभियानों में भारतीय नौसेना के प्रयासों का सहयोग करेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने यहां आयोजित एक समारोह में नए अड्डे की शुरुआत की। आईएनएस जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान में शामिल किया गया है।

आईएनएस जटायु के सेवा की शुरुआत के बाद मिनिकॉय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि अड्डे का नाम रामायण के उस पात्र के नाम पर रखा गया है जिसने सीता के अपहरण को रोकने की कोशिश की थी।

कुमार ने कहा, रामायण में जटायु ने सबसे पहले कदम उठाते हुए सीता जी के अपहरण को रोकने की कोशिश की। अपने जीवन को खतरे में डालकर, स्वयं से पहले सेवा का उदाहरण दिया। इसलिए इस इकाई का नाम जटायु रखना सुरक्षा निगरानी और निस्वार्थ सेवा प्रदान करने की भावना की एक उपयुक्त मान्यता है।

## सरकारी नौकरी के लिए पात्र होंगे खेलो इंडिया के पदक विजेता



**नई दिल्ली/भाषा।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि संशोधित मानदंडों के बाद खेलो इंडिया के पदक विजेता भी अब सरकारी नौकरी पाने के लिए पात्र होंगे। ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने तथा खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलने'' के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल मंत्रालय के परामर्श से सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन किया है। ठाकुर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, खेलो इंडिया खेलों (युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन) के पदक विजेता खिलाड़ी अब सरकारी नौकरी पाने के पात्र होंगे। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा, ये संशोधित नियम भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# प्रौद्योगिकी, नवाचार, एआई में भारत को अग्रणी देश के रूप में स्थापित करें युवा : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा (एआई), स्टार्ट-अप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के लिए आगे आएं।

उन्होंने 'राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024' के समापन समारोह में यह भी कहा कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प ही वैश्विक समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का आधार है। इस समारोह में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। बिरला ने कार्यक्रम के वक्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा, स्पष्ट सोच वाले कुशल वक्ताओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वह आश्वस्त हैं कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी बहुत सक्षम हाथों में है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि संसद के केंद्रीय कक्ष ने भारत की राष्ट्र-निर्माण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह कक्ष विदेशी अधीनता से आजाद होकर देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना का प्रतीक है।



बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प से भारत भविष्य में विश्व मंच पर समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन सकता है। उन्होंने कहा, तकनीकी प्रगति और नवाचार के वर्तमान युग में, युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे आगे बढ़कर देश को प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा, स्टार्टअप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में सुस्थापित करें।

बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि विश्व स्तर पर, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवा परिवर्तन और प्रगति का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व का नेतृत्व करने के लिए युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता है। बिरला ने पिछले साल हुए जी-20 और पी-20 सम्मेलनों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व मंच पर भारत की प्रधानता को दर्शाते हुए विश्व नेताओं ने सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया।

# धामी ने देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए हवाई सेवाओं की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए हवाई सेवाओं की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में लोगों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एलायंस एयर उड़ानें देहरादून से अयोध्या, देहरादून से अमृतसर और देहरादून से पंतनगर होते हुए वाराणसी जाएंगी।

धामी ने जॉली ग्रांट हवाई अड्डे पर आयोजित एक समारोह में कहा, हमारा प्रयास उत्तराखंड में लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक, सरल और आसान बनाना है। इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवा सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए पहले ही हवाई सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं।



धामी ने कहा कि हमारा प्रयास उत्तराखंड में लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक, सरल और आसान बनाना है। इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं...

इसके अलवा हल्द्वानी से चंपावत, मुनस्यारी और पिथौरागढ़ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी शुरू की जा चुकी हैं। उन्होंने विमान से अयोध्या जाने वाले यात्रियों से बातचीत भी की और 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच उनकी सुखद यात्रा की कामना की। विमान से अयोध्या जाने वाले लोग 20 मार्च तक 1,999 रुपए प्रति टिकट की रियायती दर पर अपना टिकट बुक कर सकते हैं। वहीं, 20 मार्च के बाद 7,006 रुपए प्रति टिकट शुल्क लिया जाएगा।



# पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले 85% लोगों को कोई समस्या नहीं : दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया।

दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाए जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 80-85 प्रतिशत पेटीएम वॉलेट अन्य बैंकों से जुड़े हुए हैं और शेष 15 प्रतिशत को अन्य बैंकों से जुड़ने की सलाह दी गई है। दास ने कहा कि आरबीआई ने अपने नियमन के दायरे में आने वाली इकाई...पीपीबीएल के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। इसके उलट आरबीआई वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवोन्मेष का समर्थन करता है और नए उत्पादों के परीक्षण को लेकर 'सैंडबॉक्स' (सीमित दायरे में उत्पादों का 'लाइव' परीक्षण) व्यवस्था लेकर आया है।

एक समाचार चैनल के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने कहा, आरबीआई फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों) का पूरा समर्थन करता है और करता रहेगा...आरबीआई फिनटेक के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति फेरारी का मालिक हो सकता है और उसे चला सकता है, लेकिन फिर भी उसे दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। यह पूछे जाने पर कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पेटीएम भुगतान ऐप लाइसेंस पर कब निर्णय लेगा, दास ने कहा कि आंतरिक जांच-पड़ताल के बाद ही इस संबंध में कदम उठाया जाना है। दास ने कहा, जहां तक आरबीआई का सवाल है, हमने उन्हें सूचित कर दिया है कि अगर एनपीसीआई पेटीएम भुगतान ऐप को जारी रखने पर विचार करता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि हमारी कार्रवाई पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ थी। ऐप एनपीसीआई के पास है...एनपीसीआई इसपर विचार करेगा...मुझे लगता है कि उन्हें इस बारे में जल्द ही निर्णय करना चाहिए। आर्थिक वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, पीएमआई आदि) के आधार पर हमारा मानना है कि चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि 5.9 प्रतिशत को पार कर जाएगी।

दास ने कहा, और जब यह होगा, तो निश्चित रूप से सालाना वृद्धि दर 7.6% से अधिक होगी। इसकी काफी संभावना है कि चालू वर्ष में जीडीपी आंकड़ा 8% के आसपास होगा। उन्होंने कहा कि हाल की मौद्रिक नीति समीक्षा में अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। महंगाई के बारे में दास ने कहा कि हाल के आंकड़े के अनुसार मुद्रास्फीति 5.1% रही है जो 4% के लक्ष्य से 1.10% अधिक है। हालांकि मुद्रास्फीति का रुख नरमी की ओर है और आरबीआई अब महंगाई को टिकाऊ आधार पर चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे रहा है।

# बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें : आरबीआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं।

केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, ऐसी स्थिति में यह निर्देश दिया जाता है कि कार्ड जारीकर्ता कार्ड नेटवर्क के साथ ऐसी कोई व्यवस्था या समझौता नहीं करेंगे जो ग्राहकों को अन्य कार्ड नेटवर्क की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा कि मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प कार्ड का अगला नवीनीकरण कराते समय दिया जा सकता है।

कार्ड नेटवर्क के रूप में अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड, मास्टरकार्ड एशिया/पैसिफिक पीटीई लिमिटेड, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया- रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड पीटीई लिमिटेड सूचीबद्ध हैं। परिपत्र के मुताबिक, कार्ड जारीकर्ताओं और नेटवर्क को संशोधन या नवीनीकरण के समय और नए समझौते निष्पादित करते समय मौजूदा समझौतों में आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

हालांकि यह निर्देश उन क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होगा जिनके द्वारा जारी सक्रिय कार्डों की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा खुद के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले संस्थानों को इस परिपत्र के निर्देशों से बाहर रखा गया है।

## कांग्रेस ने हिमाचल में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले सुधीर शर्मा को सचिव पद से हटाया

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले अपने छह विधायकों में से एक सुधीर शर्मा को बुधवार को पार्टी के सचिव पद से हटा दिया।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सुधीर शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से ताल्लुक रखने वाले शर्मा प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में शुमार किए जाते हैं। हाल ही में उन्हें और पांच अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराया गया। हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी।

# मणिपुर में एनआरसी लागू करने की सिफारिश करेंगे: मुख्यमंत्री बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंफाल/भाषा। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती।

सिंह के इस बयान के कुछ दिन पहले विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से ''विशेष रूप से राज्य और राष्ट्र के हित में'' राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया।

सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, राज्य इसे (एनआरसी) लागू नहीं कर सकता। हमने सदन में एक प्रस्ताव लाया है। हम मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर केंद्र सरकार को सिफारिश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार वर्ष 1961 होगा। राज्य मंत्रिमंडल ने 2022 में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य में अवैध आप्रवासन की पहचान करने के लिए 1961 को आधार के रूप में अपनाया। आईएलपी दिसंबर 2019 में राज्य में पेश किया गया था और जनवरी 2020 में लागू हुआ।



## मध्य प्रदेश के गुना में प्रशिक्षण विमान हवाई पट्टी पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुना (मप्र)/भाषा। मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक प्रशिक्षण विमान हवाई पट्टी पर उतरते समय बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे प्रशिक्षु महिला पायलट घायल हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शाम करीब पांच बजे हुई जब विमान हवाई पट्टी पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

गुना पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विमान सागर या सतना की तरफ से आ रहा था।

अधिकारी ने बताया कि उतरने के बाद विमान हवाई पट्टी से फिसलकर झाड़ियों में जा गिरी जिससे प्रशिक्षु महिला पायलट को चोटें आईं।

# विजयवर्गीय ने इंदौर के लोकसभा सांसद का टिकट कटने के अपने बयान को ''मजाक'' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को यह कहकर अटकलों को हवा दे दी कि उन्होंने इंदौर क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद शंकर लालवानी का टिकट कटने की ''उड़ती-उड़ती खबर'' सुनी है। बयान के तूल पकड़ने के बाद विजयवर्गीय ने कहा कि वह ''मजाक'' कर रहे थे और इंदौर सीट के टिकट के दावेदारों में लालवानी अब भी शामिल हैं।

विजयवर्गीय ने अपने गृह नगर इंदौर में एक कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, मुझे तो उड़ती-उड़ती खबर यह भी मिली है कि शंकरजी (लालवानी) का टिकट इसलिए कटा क्योंकि यह टिकट किसी महिला को दिया जाना है। हालांकि, मुझे इस खबर की सच्चाई पता नहीं है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को ''सुरक्षित सीट'' से चुनाव लड़वाने की बात कही है। विजयवर्गीय ने महिला श्रोताओं से पूछा कि अगर प्रधानमंत्री उन्हें चुनाव लड़ने को कहें, तो उनमें से कितनी महिलाएं चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हैं? उनके इस सवाल पर कई महिलाओं ने हाथ उठाकर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई। लालवानी का टिकट कटने के बयान के बारे में मीडिया ने विजयवर्गीय से बुधवार देर शाम सवाल किया तो उन्होंने कहा कि महिलाओं के कार्यक्रम में वह मजाक में यह बात बोल रहे थे। उन्होंने कहा, फिलहाल इंदौर सीट से भाजपा उम्मीदवार तय नहीं हुआ है। अभी लालवानी भी टिकट के दावेदार हैं। इंदौर, उन लोकसभा सीटों में शामिल है जहां भाजपा ने अब तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

## ईडी ने क्रिप्टो करेंसी 'ऐप' मामले में चीन मूल के निदेशकों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नई दिल्ली/भाषा।** बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर निवेशकों को कथित तौर पर ठगने से जुड़ी एक जांच में 299 इकाइयों के खिलाफ धनशोधन निवारण कानून के तहत आरोप-पत्र दायर किया गया है, जिनमें चीन मूल के 10 व्यक्ति भी शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि नगालैंड के दीमापुर की एक विशेष अदालत ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया।

इसमें कहा गया है कि चीन-नियंत्रित 76 इकाइयों सहित कुल 299 इकाइयों को आरोपी बनाया गया है। बयान के अनुसार, चीन-नियंत्रित 76 इकाइयों 10 निदेशक चीनी मूल के हैं और दो अन्य विदेशी नागरिकों द्वारा नियंत्रित हैं। ईडी का धनशोधन का मामला कोहिमा पुलिस की साइबर अपराध इकाई की एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। कोहिमा पुलिस ने बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टोकरेंसी में निवेश से भारी रिटर्न का वादा करके निवेशकों को कथित तौर पर धोखा देने के लिए भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत विभिन्न लोगों पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कहा था कि आरोपियों ने निवेशकों को धोखा देने के लिए एचपीजेड टोकन नाम से एक ऐप (मोबाइल-फोन ऐप्लिकेशन) का इस्तेमाल किया था। ईडी ने कहा अपराध की आय के शोधन के उद्देश्य से डमी निदेशकों वाली विभिन्न शेल इकाइयों द्वारा बैंक खाते और मर्चेंट आईडी खोले गए थे। उसने दावा किया कि ये धनराशि अवैध ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी और बिटकॉइन के लिए निवेश के वास्ते धोखाधड़ी से प्राप्त की गई थी।

## यमुना डूबक्षेत्र में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को डीडीए का नोटिस

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने यमुना डूब क्षेत्र में गुरुद्वारा मजनूं का टीला के निकट रहने वाले पाकिस्तान के हिंदू शरणार्थियों को नोटिस जारी कर क्षेत्र खाली करने का निर्देश दिया है। स्थानीय निवासियों ने यह दावा किया। डीडीए के अधिकारी ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के बाद 7 और 8 मार्च को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाना प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस बल की अनुपलब्धता के कारण अभियान स्थगित कर दिया है। मजनूं का टीला की एक पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी सोना दास ने कहा कि पूरे शिविर को सूचित कर दिया गया है और सभी को नोटिस दिए हैं। हमें इस क्षेत्र को जल्द खाली करने के लिए समय दिया गया है। पूरे शिविर को सूचित कर दिया गया है और हम सभी को नोटिस दिए गए हैं। हम अभी दिल्ली बाढ़ के दौरान हुए नुकसान से उबरे हैं और अब वे यहां बुलडोजर चलाने वाले हैं। लोग इतने कम समय में कैसे खाली करें और उन्हें कहां जाएं।

## तेलंगाना सरकार सूखे की स्थिति के दौरान किसानों के साथ रहेगी : रेवंत रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में सूखे की वर्तमान स्थिति में किसानों के साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में सूखे की वर्तमान स्थिति का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर जलाभाव की स्थिति गंभीर है क्योंकि जलाशयों में जलस्तर पिछले एक साल में अपर्याप्त वर्षा होने से तेजी से घट रहा है।

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि करीमनगर, खम्मम, नालगोंडा और महबूबनगर जिलों के किसान एवं नेता जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं लेकिन किसानों को स्थिति को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की हरसंभव कोशिश कर रही है कि पेयजल समस्या आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न न हो उन्होंने कहा कि किसानों को अपने सामने उपस्थिति समस्याओं पर 'रैयत नेस्थाम' कार्यक्रम के अनुसार समय से सलाह मिलेगी।

'रैयत नेस्थाम' कार्यक्रम के तहत राज्य में 2601 'रैयत वेदिकाओं' (किसानों की बैठकों का विशिष्ट स्थान) को 97 करोड़ रुपए की लागत से तीन सालों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all
Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) /
KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience
those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

# भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के संबंध अब तक के शीर्ष स्तर पर : व्यापार आयुक्त साउथवेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के व्यापार आयुक्त जॉन साउथवेल ने बुधवार को कहा कि भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के संबंध अब तक के शीर्ष स्तर पर हैं और यह द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में प्रकट हुआ है।

नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में एक साक्षात्कार में उन्होंने यह भी साझा किया कि कैसे भोजन, शराब और क्रिकेट न केवल लोगों के बीच और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं, बल्कि दोनों तरफ व्यापार को भी बढ़ावा दे सकते हैं।



साउथवेल टेस्ट द वंडर्स ऑफ ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम के पहले 7-11 मार्च तक आयोजित होने वाले आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेले के कर रहा है राष्ट्रीय राजधानी का दौरा

साउथवेल बृहस्पतिवार को 'टेस्ट द वंडर्स ऑफ ऑस्ट्रेलिया' कार्यक्रम के पहले दिल्ली संस्करण और 7-11 मार्च तक आयोजित होने वाले आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेले के 38 वें संस्करण में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी का दौरा कर रहा है। यह पूछे जाने पर कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध वर्तमान में कहां हैं, उन्होंने कहा कि यह ''कभी इतना बेहतर नहीं रहा। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में दोनों देशों के व्यापार में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शानदार है। उन्होंने कहा कि भारत उनके देश के लिए पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। अधिकारियों ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में आयोजित होने वाला कार्यक्रम भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों को एक साथ नेटवर्क बनाने, ऑस्ट्रेलियाई भोजन और पेय पदार्थ का आनंद लेने और द्विपक्षीय संबंधों की गहराई का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करेगा। ऑस्ट्रेलियाई व्यापार आयुक्त ने 29 दिसंबर, 2022 को लागू होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के दोतरफा प्रभाव को भी साझा किया। उन्होंने कहा, इसका बहुत अच्छी तरह से उपयोग किया गया है, निश्चित रूप से कृषि खाद्य क्षेत्र में।

## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार का दावा

# कई विपक्षी नेता कांग्रेस में होंगे शामिल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बुधवार को दावा किया कि आने वाले दिनों में विपक्षी दलों के कई नेता सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होंगे और वह अभी इस 'रहस्य' को उजागर नहीं करना चाहते हैं।

शिवकुमार ने 'बागी' भाजपा विधायकों एसटी सोमशेखर और अरबैल शिवराम हेब्बार के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। संवाददाताओं ने जब यहां शिवकुमार से पूछा कि क्या सोमशेखर और हेब्बार कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ''सिर्फ दो-तीन नाम ही क्यों लें।'' बाद में जब उनसे पूछा गया कि क्या और लोग पार्टी में शामिल होंगे तो उन्होंने सहमति में अपना सिर हिलाया।

यह पूछे जाने पर कि अन्य दलों से कितने लोग कांग्रेस में शामिल होंगे, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा, अभी इस बारे में बात क्यों करें। मैंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे उन सभी इच्छुक लोगों को शामिल करें, जो स्थानीय स्तर पर पार्टी के प्रति सम्मान रखते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य दलों के विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे, उन्होंने कहा, मैं इस रहस्य को कैसे बता सकता हूं।

राज्यसभा की चार सीटों के लिए हुए मतदान के दौरान येल्लापुर से विधायक हेब्बार पार्टी व्हिप के बावजूद स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मतदान से अनुपस्थित रहे थे जबकि यशवंतपुर के विधायक सोमशेखर ने ''अंतरात्मा'' के नाम पर कांग्रेस के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की, जिससे 27 फरवरी को कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

सोमशेखर और हेब्बार पहले कांग्रेस में थे। वे कांग्रेस और जनता दल (सेक्यूलर) के उन 17 विधायकों में से हैं, जिन्होंने अपनी पार्टियों से इस्तीफा दे दिया था और अंततः जुलाई, 2019 में तत्कालीन एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार गिर गई थी। उन्होंने बाद में भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीता, और भाजपा की अगुवाई वाली पिछली सरकार में मंत्री बने। शिवकुमार और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने पहले भी बड़ी संख्या में भाजपा और जद (एस) नेताओं के खासकर लोकसभा चुनावों से पहले पार्टी में शामिल होने के दावे किए हैं।

# कैफे विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले : गृह मंत्री परमेश्वर




बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा, ''हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है। अगर हम इस तरह से आगे बढ़ते हैं तो हम जांच पूरी कर लेंगे।'' मामले के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मंत्री ने कहा कि संदेह के आधार पर कुछ लोगों को पुलिस ने बुलाया, जिनसे ''जानकारी'' जुटाई गई।

परमेश्वर ने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को मंगलवार को मामला अपने हाथ में लेना था, लेकिन वे (अधिकारी) अभी तक नहीं आए हैं। यहां व्हाइटफील्ड के पास ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में दस लोग घायल हो गए थे।

## अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट बनेगी दक्षिण भारत की पहली साइंस सिटी

# साइंस सिटी के लिए भूमि का आवंटन : एनएस बोसराजू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। लघु सिंचाई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एनएस बोसराजू ने कहा कि दक्षिण भारत के प्रमुख साइंस सिटी की स्थापना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। एक प्रेस बयान में, उन्होंने खुलासा किया कि वाणिज्य और उद्योग विभाग ने आधिकारिक तौर पर देवनहल्ली के पास स्थित आदिनारायण होसहल्ली चरण 2 औद्योगिक क्षेत्र में 25 एकड़ भूमि आवंटित की है।

इस प्रयास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री बोसराजू ने अपनी तकनीकी कौशल के लिए प्रसिद्ध शहर बेंगलूरु में वैज्ञानिक नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय विज्ञान मंदिर, जेएनसीएएसआर और रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट जैसे उल्लेखनीय संस्थानों के साथ-साथ 400 से अधिक अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और आईटी-बीटी पार्कों के साथ, बेंगलूरु दक्षिण भारत में वैज्ञानिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह विकास 3 अगस्त, 2023 को उत्तर पूर्वी राज्यों के पर्यटन, संस्कृति और विकास के लिए जिम्मेदार मंत्री जी. किशन रेड्डी और संबंधित हितधारकों के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद आया है। इसके बाद, केंद्रीय मंत्री ने प्रस्तावित साइंस सिटी के लिए 25 एकड़ भूमि की आवश्यकता बताई थी।

जिसके लिए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने 2024-25 की बजट घोषणा में उत्साहपूर्वक समर्थन दिया था।

राज्य और केंद्रीय दोनों अधिकारियों के दृढ़ समर्थन के लिए आभारी, मंत्री बोसराजू ने अग्रणी साइंस सिटी की आगामी स्थापना में विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ संपर्क करने और अपेक्षित उपायों की निगरानी करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मंत्री एनएस बोसराजू ने अपना आश्वासन दोहराया कि दक्षिण भारत का उद्घाटन साइंस सिटी न केवल उम्मीदों पर खरा उतरेगा बल्कि उससे भी आगे निकल जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में वैज्ञानिक उन्नति और खोज के एक नए युग की शुरुआत होगी।



# लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची दो-तीन दिन में होगी जारी : सिद्दरामैया

## आज दिल्ली में होगी बैठक

कारवार/ हुब्बली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज्य से कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की सूची दो-तीन दिन में जारी की जाएगी और उनके चयन में कोई ''बड़ा विवाद'' नहीं है।

सिद्दरामैया ने कहा कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की राय के हिसाब से ही उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''दो से तीन दिन में कांग्रेस की सूची जारी की जा सकती है। कल केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक है। कर्नाटक के उम्मीदवारों के नामों को दो से तीन दिनों में अंतिम रूप दे दिया जाएगा और उनकी घोषणा कर दी जाएगी।''

उन्होंने कहा, कोई बड़ा विवाद नहीं है। इस बार हम जिला प्रभारी मंत्रियों, पर्यवेक्षकों, विधायकों, पराजित उम्मीदवारों, राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों, ब्लॉक समिति अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों की राय के आधार पर निर्णय ले रहे हैं।'' इस बीच उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने हुब्बल्ली में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में बृहस्पतिवार की बैठक के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## शुरुआत



बेलगावी जिले के अथनी में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कोटालगिया की एटा सिंचाई परियोजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि 1500 करोड़ की लागत की इस विशाल सिंचाई योजना से अनेक लोग लाभान्वित होंगे। लक्ष्मण सावदी से किया हुआ वादा पूरा किया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण एम सावदी की अध्यक्षता में जिला प्रभारी मंत्री सतीश जारकीहोली, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर, उद्योगमंत्री एमबी पाटिल सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने ग्रामीण रोजगार सृजन और शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गदग में बुधवार को सी नारायण स्वामी और चिरंजीवी सिंह को मानद डॉक्टरेट से सम्मानित करते हुए राज्यपाल थावरचन्द गहलोत एवं अन्य।

गदग। यहां बुधवार को कर्नाटक राज्य ग्रामीण विकास और पंचायत राज विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलते हुए राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत शिक्षा के साथ-साथ रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। कर्नाटक राज्य ग्रामीण विकास और पंचायत राज विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलते हुए राज्यपाल गहलोत ने समग्र ग्रामीण विकास के लिए ग्राम स्तर पर पंचायत राज, शिक्षा, कृषि और अन्य रोजगार संबंधी पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के महत्व को रेखांकित किया।

राज्यपाल गहलोत ने टिप्पणी की कि यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है कि आत्मनिर्भर और अच्छी तरह से सुसज्जित गांवों के बिना, संतुलित राष्ट्रीय विकास अप्राप्य है। राष्ट्र की समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा, कृषि और रोजगार के अवसरों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। राज्यपाल गहलोत ने पंचायत राज व्यवस्था के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय शासन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारतीय परंपरा में गहराई से निहित पंचायत राज प्रणाली हमारी त्रि-स्तरीय शासन संरचना के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य करती है।

राज्यपाल गहलोत ने शहरी स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास दोनों पर प्रतिकूल प्रभावों पर जोर देते हुए ग्रामीण-से-शहरी प्रवास के मुद्दे को संबोधित किया। उन्होंने आग्रह किया, पलायन को रोकने और गांव की समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा किए जाने चाहिए। ग्राम विकास समग्र रूप से सामाजिक प्रगति के लिए अपरिहार्य है। पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान करते हुए राज्यपाल गहलोत ने समावेशी शिक्षा और मजबूत रोजगार योजनाओं की वकालत की। उन्होंने घोषणा की, प्रत्येक ग्रामीण शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच का हकदार है। वंचितों के उत्थान के लिए अंत्योदय पहल जैसे कार्यक्रम वर्तमान संदर्भ में अत्यावश्यक हैं।

# जयललिता के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को सौंपने की प्रक्रिया पर रोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विशेष अदालत ने अपने निर्देश में कहा था कि 27 किलोग्राम के सोने और हीरे के आभूषणों को छह और सात मार्च को तमिलनाडु सरकार को सौंप दिया जाना चाहिए।**

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता के सोने और हीरे के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को सौंपने की प्रक्रिया पर 26 मार्च तक रोक लगा दी है। मंगलवार को जयललिता की भतीजी जे दीपा की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मोहम्मद नवाज की एकल न्यायाधीश पीठ ने इस प्रक्रिया पर रोक लगाई है।

अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की दिवंगत नेता जे जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनका कीमती सामान जब्त कर लिया गया था और तमिलनाडु की एक विशेष अदालत के निर्देश के अनुसार बुधवार से सोने और हीरे के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को सौंपा जाना था।याचिकाकर्ता ने 12 जुलाई, 2023 के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिवंगत जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बरी माना जाना चाहिए क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने भी उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

विशेष अदालत ने अपने निर्देश में कहा था कि 27 किलोग्राम के सोने और हीरे के आभूषणों को छह और सात मार्च को तमिलनाडु सरकार को सौंप दिया जाना चाहिए। ये सामग्री मामले में जयललिता और अन्य के खिलाफ साक्ष्य हैं। अदालत ने 20 किलोग्राम सोने और हीरे के आभूषणों को बेचने या नीलाम करने की अनुमति दी थी, शेष सात किलोग्राम को अदालत ने इस तथ्य पर विचार करते हुए छूट दे दी थी कि यह उन्हें अपनी माता से विरासत में मिला था। अदालत ने कहा था कि तमिलनाडु सरकार इन सोने और हीरे के आभूषणों के निपटान पर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर इस मामले की सुनवाई कर्नाटक में हुई और इसलिए सभी सामान अब न्यायालय की निगरानी में कर्नाटक के खजाने में हैं। तमिलनाडु सरकार को आभूषणों का हस्तांतरण किये जाने का आदेश देते हुए विशेष अदालत के न्यायाधीश ने कहा था, गहनों की नीलामी करने के बजाय, उन्हें तमिलनाडु सरकार को सौंपना बेहतर है।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर कर्नाटक और गोवा निदेशालय

# बेविनमराड अरुण कुमार ने डीडीजी का पद ग्रहण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक और गोवा निदेशालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लिए एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम में एयर कमोडोर बेविनमराड अरुण कुमार ने आधिकारिक तौर पर उप महानिदेशक (डीडीजी) का पद ग्रहण किया है।

यह नियुक्ति कर्नाटक और गोवा निदेशालय में एनसीसी के नेतृत्व में एक महत्त्वपूर्ण क्षण है, जिसमें एयर कमोडोर अरुण कुमार अपनी नई भूमिका में अनुभव और विशेषज्ञता लेकर आएंगे। अरुण कुमार कर्नाटक के धारवाड़ जिले के हुब्बल्ली से हैं और सैनिक स्कूल बीजापुर के पूर्व छात्र हैं। उनके पास सशस्त्र बलों में सभी मोर्चों पर व्यापक अनुभव है और उनका तीन दशकों से अधिक का शानदार करियर है।

अपनी नई भूमिका संभालने पर, अरुण कुमार ने सेवा करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और एनसीसी में नामांकित युवाओं के बीच अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति के मूल्यों को बढ़ावा देने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

अपने संबोधन में एयर कमोडोर ने विकसित भारत में नैतिक और सक्षम भविष्य की दिशा में कर्नाटक और गोवा के कैडेटों को सर्वोत्तम अवसर और अनुभव प्रदान करने के अपने मिशन और इरादे को व्यक्त किया।





# यातायात पुलिसकर्मी ने बच्चे की जान बचाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बैतरायनपुरा यातायात पुलिस के पीएसआई नागराज ने एक बच्चे की जान बचाई है। घटना दोपहर 3:45 बजे बैदरहल्ली के पास बीईएल लेआउट पर हुई। नागराज अपने घर से ड्यूटी पर लौट रहे थे, तभी उन्होंने कुछ महिलाओं की ओर से मदद के लिए पुकारे जाने की आवाज़ सुनी। पूछने पर पता चला कि ढाई साल का एक बच्चा 10 फीट गहरे टैंक में गिर गया है। पीएसआई नागराज तुरंत टैंक में उतरे और बच्चे को बचा लिया। बच्चा बेहोश हो गया था, लेकिन सीपीआर पर प्रतिक्रिया दे रहा था। अब वह एक स्थानीय अस्पताल में है, जहां उसकी सेहत में सुधार हो रहा है। इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने पीएसआई नागराज की तारीफ की है।



# गंगा जल के सेवन मात्र से जीवन पवित्र और निर्मल बनता है : कृष्णैय्या शेट्टी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां बलेपेट स्थित काशी विश्वेश्वरस्वामी मंदिर में महाशिवरात्रि उत्सव के रूप में, हरिद्वार से विशेष टैंकर के माध्यम से 40 हजार लीटर पवित्र गंगा जल का वितरण राज्य के 3700 प्राचीन शिव मंदिरों में किया जाएगा। राज्य के पूर्व मंत्री एम कृष्णैय्या शेट्टी, पूर्व विधायक पीएस प्रकाश, आगम पंडितों ने बुधवार को यहां मंदिर में गंगा जल की विशेष पूजा अर्चना कर गंगा जल वितरण कार्यक्रम शुरू किया।

इस मौके पर एम. कृष्णैय्या शेट्टी ने कहा कि हिंदू पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन में जाने-अनजाने में किए गए सभी पापों को धोने के लिए गंगा पीता है, तो सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। जब मैं मुजराई मंत्री था, तब मैंने गंगा जल वितरण कार्यक्रम शुरू किया था।

गत 16 वर्षों से हर साल मुजराई विभाग के 31 जिलों के शिव मंदिरों और प्राचीन शिव मंदिर में टैंकरों द्वारा गंगा जल भेजा जाता है। शिवरात्रि महोत्सव में तीर्थ रूप में आने वाले भक्तों को गंगा जल वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह श्री काशी विश्वनाथ से प्रदेश के सभी लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि तथा देश में अच्छी बारिश और फसलों के लिए प्रार्थना करेंगे।

# पुडुचेरी की उपराज्यपाल ने लापता बच्ची का शव मिलने के बाद कठोर कार्रवाई का दिया आश्वासन

पुडुचेरी। पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन ने यहां मुथियालपेट प्रखंड में एक नाले से नौ साल की बच्ची का शव मिलने के बाद बुधवार को उसकी हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस के अनुसार लड़की का शव मंगलवार को उसके घर के पास एक नाले में बोरी में मिला था। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। कुछ दिन पहले उसके माता-पिता ने उसके बारे में पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी।

सुंदरराजन ने इस घटना पर चिंता प्रकट करते हुए एक टीवी चैनल से कहा, ''मैंने पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि इस अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज हो। कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा बच्चों के साथ ऐसे पाशविक एवं अक्षम्य अपराधों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'


भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र (एचएसएफसी)
निर्माण एवं रखरखाव समूह (सीएमजी)
अंतरिक्ष भवन, बेंगलूरु - 560094, फोन : 080-22172614/2613/5610

ई-निविदा सूचना क्र.: HSFC/CMG/2(4)/E/101/2023-24 दिनांक.: 06.03.2024

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, एनआईटी में निम्नलिखित कार्यों के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम : | देवनहल्ली, बेंगलूरु में ईसीएलएसएस सुविधा के लिए 250केवीए मॉड्यूलर यूपीएस सिस्टम और बाहरी केबलिंग का एसआईटीसी कार्य। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | ₹. 84.38 लाख |
| कार्यादेश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि | 03 (तीन) माह |
| ईएमडी | ₹. 1,68,760/- |
| निविदा दस्तावेज़ों का अनुरोध करने की अवधि | 07.03.2024 को 11.00 बजे से 19.03.2024 को 23.30 बजे तक |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 07.03.2024 को 11.10 बजे से 19.03.2024 को 23.59 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 07.03.2024 को 11.30 बजे से 20.03.2024 को 14.30 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 21.03.2022 को 17.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 21.03.2024 को 23.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय (तकनीकी बोली) | 22.03.2024 को 11.30 बजे तक |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (ई-एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह निदेशक, सीएमजी, एचएसएफसी

## मुख्यमंत्री शर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित हुए

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि उनकी कोविड जांच रिपोर्ट 'पॉजिटिव' आई है। उन्होंने लिखा, स्वास्थ्य समस्या के चलते आज स्वास्थ्य परीक्षण करवाने पर मेरी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। शर्मा के अनुसार, मैं स्व-पृथकवास में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पूर्णतः पालन कर रहा हूं एवं आगामी सभी कार्यक्रमों में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित रहूंगा।

## गहलोत बड़ी बहन विमला देवी के अंतिम संस्कार में हुए शामिल

जोधपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बड़ी बहन विमला देवी कच्छावा का बुधवार को यहां अंतिम संस्कार किया।

गहलोत उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा आज जोधपुर में मां जैसी बड़ी बहन विमला देवी कच्छावा की अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। आपका स्नेह, स्मृतियां व संस्कार सदैव मेरे मन में रचे-बसे रहेंगे और आपकी यादें हमेशा मुझे प्रेरणा देती रहेंगी।





## सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने में साधु-संतों की महती भूमिका : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संत-महात्माओं के आदर्श जीवन से प्रेरणा पाकर हमारी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है तथा सनातन धर्म, संस्कृति को बढ़ावा देने में संतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार गोवंश के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा पशुधन के कल्याण हेतु राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं का संचालन कर पशुपालकों को लाभान्वित कर रही है। शर्मा बुधवार को संत समाज-गोभक्तों की आभार सभा को वर्चुअल माध्यम से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आए साधु-संतों ने गोमाता के हितों के लिए किए गए निर्णयों, ईआरसीपी तथा यमुना जल समझौते के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने ढाई माह के अल्प कार्यकाल में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है।

पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना तथा शेखावटी क्षेत्र के लिए ताजेवाला हैडवर्क्स के ऐतिहासिक एमओयू के माध्यम से इन क्षेत्रों में पेयजल एवं सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, उदयपुर में देवास बांध परियोजना तृतीय एवं चतुर्थ के माध्यम से दक्षिण राजस्थान में भी जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं कई वर्षों से लंबित थी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल तथा साधु-संतों के आशीर्वाद से अब इनका क्रियान्वयन संभव हो पाया है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की गई है जिसके तहत पशुपालकों को 1 लाख रूपए तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। सरकार द्वारा पशुधन के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट की भी शुरूआत की गई है। इन यूनिट्स के माध्यम से पशुओं को समय पर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राज्य सरकार द्वारा बस, ट्रेन तथा हवाईजहाज के माध्यम से दर्शनार्थियों के लिए परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध करवायी जा रही है। कार्यक्रम में बुधगिरी मढ़ी (फतेहपुर शेखावाटी) के पीठाधीश्वर एवं गोसेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज ने राज्य सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि सनातन धर्म संस्कृति तथा गोसेवा संरक्षण के लिए राज्य सरकार अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच तथा उनके नेतृत्व के कारण यह संभव हो सका है। इस अवसर पर संत-महात्माओं का श्रीफल तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह में गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद सी.पी. जोशी, सुमेधानंद सरस्वती, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, रेवासा धाम पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज, संत गोविंद वल्लभ जी महाराज, रघुनाथ जी भारती सहित बड़ी संख्या में साधु-संत उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या कर ससुर को सूचित कर हुआ फरार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोटा। राजस्थान के झालावाड़ जिले में भागकर शादी करने के एक महीने से भी कम समय के बाद झगड़े के चलते 22 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दांगीपुरा थाना क्षेत्र के गोगाड़ी गांव के रहने वाले राजाराम तंवर ने अपने ससुर को फोन कर हत्या की जानकारी दी और फरार हो गया।

पुलिस ने कहा कि राजाराम की पिछले साल पंचपिपली गांव की रहने वाली सुनीता से सगाई हुई थी लेकिन सुनीता के परिवार ने शादी रद्द कर दी थी। हालांकि, दोनों एक-दूसरे के संपर्क में रहे और 10 फरवरी को अपने घरों से भागने के बाद एक मंदिर में शादी कर ली, इसके बाद सुनीता के परिवार ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया।

दांगीपुरा के थाना प्रभारी (एसएचओ) सत्यनारायण गोचर ने कहा कि सोमवार शाम करीब पांच बजे नशे में धुत राजाराम का सुनीता से झगड़ा हो गया, बहस के दौरान राजाराम ने सुनीता सिर पर तेज धार हथियार से वार किया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एसएचओ ने कहा कि सुनीता की हत्या करने के बाद राजाराम ने उसके पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी, महिला के पिता ने पुलिस को सूचित किया।

गोचर ने कहा कि राजाराम शराब पीने का आदी है और शादी के बाद से ही उसका अपनी पत्नी से झगड़ा होता रहता था। एसएचओ ने कहा कि सुनीता के पिता की शिकायत के आधार पर राजाराम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव सुनीता के परिवार को सौंप दिया गया।



## समाज में बदलाव लाने के लिए घर में बदलाव लाएं, बेटियों को बराबर के अवसर दें : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि महिला अत्याचार, दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों की शुरूआत घर से होती है, इसलिये यदि हमें इन बुराइयों का अंत करना है, तो इसकी शरूआत अपने घर से ही करनी होगी तभी महिलाएं सही मायने में सशक्त बनेंगीं।

उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि घर के काम जब हम बेटा और बेटी दोनो से करवाएगें तो बेटों की सोच का दायरा बढ़ेगा और वे इस बात को समझेगे कि महिला और पुरूष में कोई छोटा बड़ा नहीं होता। उपमुख्यमंत्री बुधवार को आरबीएल बैंक की ओर से भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउण्ड में सीएसआर के तहत विद्याधर नगर क्षेत्र की 400 गरीब बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो माता पिता बेटियों की उपेक्षा कर उन्हें अवसर नहीं देते हैं वे उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। हमने देखा है कि जब-जब बेटियों को अवसर मिला है वे बेटों से भी दो कदम आगे रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माताओं, बहनों और बच्चियों की आगे बढाने के लिए हर संभव प्रयास करे रहे हैं, लेकिन ये तभी सार्थक होंगे जब लोगों की मानसिकता में बदलाव आएगा।

आरबीएल बैंक द्वारा सीएसआर के तहत गरीब वर्ग की बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के निर्णय की प्रशंसा करते हुए उप मुख्ममंत्री ने कहा कि आरबीएल की यह पहल अनुकरणीय है, इससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी महिला उत्थान की दिशा में आगे आएंगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट प्रदान की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों के साथ उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट भी देखा। कार्यक्रम में शासन सचिव आयोजना नवीन जैन, शासन सचिव वित्त के.के पाठक, आरबीएल बैंक के बिजनेस हैड सुमित भंडारी सहित बैंक के वरिष्ठ पदाधिकारी, विद्याधर नगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुर्लभ रोगों के उपचार के लिए जयपुर में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रीटमेंट ऑफ रेयर डिजीज : शुभ्रा सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। बच्चों में होने वाले दुर्लभ रोगों के उपचार के लिए प्रदेश में ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रीटमेंट ऑफ रेयर डिजीज'' बनाया जाएगा। जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल में यह सेंटर बनाने के लिए जल्द एक प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाया जाएगा।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने डचेन मस्कुलर डिस्ट्रोफी (डीएमडी) रोग से ग्रसित बच्चों की समस्याओं के समाधान हेतु शासन सचिवालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में आमजन बच्चों में होने वाले दुर्लभ रोगों का समुचित उपचार प्राप्त करने में बेहद परेशानी का सामना करते हैं। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की पहल की है। श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि दुर्लभ रोगों के उपचार एवं रिसर्च के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की स्थापना की जाए। इसके लिए उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विस्तृत प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेके लोन अस्पताल में वर्तमान में संचालित नोडल सेंटर फॉर रेयर डिजीज का सुदृढ़ीकरण किया जाए तथा इस सेंटर में पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए प्रदेशभर में जन्म लेने वाले नवजात शिशु की जन्मजात बीमारियों का जल्द पता लगाने के लिए यूनिवर्सल न्यूबोर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम चलाया जाए। साथ ही, सभी मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पतालों में दुर्लभ रोगों से पीड़ित मरीजों की समस्याओं का समाधान करने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। इन अधिकारियों को दुर्लभ रोगों से पीड़ित मरीजों की पहचान एवं उपचार के लिए समुचित प्रशिक्षण भी दिया जाए। श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों में से शिशु रोग विशेषज्ञों, न्यूरोलॉजी विभाग एवं फिजियोथैरेपी विभाग का पैनल बनाकर महीने में एक बार मस्कुलर डिस्ट्रोफी से पीड़ित मरीजों का उपचार करवाया जाए।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं का होगा राजनीतिक सशक्तिकरण : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जोधपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र लूणी की ग्राम पंचायत पाल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम संसदीय कार्य,विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। जोगाराम पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के लोकसभा एवं विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सौगात दी है। जिससे देश की आधी आबादी का राजनीतिक सशक्तिकरण होगा।

संसदीय कार्य,विधि और न्याय मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही लखपति दीदी योजना के माध्यम से आने वाले समय में प्रदेश की महिलाएं सामाजिक,आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से मजबूत होंगी। इस पहल से महिलाओं के कौशल विकास के साथ ही उन्हें आजीविका के नवीन साधन उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की महती भूमिका होगी।

पटेल ने कहा कि पात्र वंचितों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए जिससे अंतिम व्यक्ति का जीवन सुगम होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें और पात्र वंचित परिवारों को योजनाओं से जोड़कर लाभ दें।

## तीन साल में 11 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है और राज्य की 11 लाख से अधिक महिलाएं आगामी तीन वर्षों में लखपति दीदी बनेंगी। शर्मा बुधवार को देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। एक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाएं शुरू कीं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री हर घर शौचालय योजना, हर घर नल योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा पीएम आवास योजना जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के कारण देश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं में कौशल विकास कर उनकी सालाना आमदनी एक लाख रुपये की जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश की तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान में भी इस योजना पर तेज गति से काम चल रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 11 लाख 24 हजार महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिनमें से 2.80 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पहल पर संसद ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है। इसके प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा और उनकी लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ेगा तो देश सशक्त होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प पूरा होगा।



## आरटीओ कार्यालयों में न्यूनतम पेपर वर्क के साथ हों सभी कार्य ऑनलाइन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने कहा कि आरटीओ कार्यालयों में न्यूनतम पेपरवर्क को बढाते हुए अधिकारी सभी कार्य ऑनलाईन एवं ई-फाईलिंग के जरिए करें, जिससे कि आमजन को बिना किसी समस्या के बेहतर सर्विस डिलवरी मिल सके। उन्होने अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के भी निर्देश दिए।

श्रीमती गुहा बुधवार को शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने परिवहन विभाग में ई-फाईलिंग की प्रगति और फाइलों के निस्तारण में लगने वाले औसत समय की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों से सौ दिवसीय कार्ययोजना एवं मुख्य सचिव द्वारा प्रदत्त निर्देशों, गत बैठक में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति के संबंध में प्रगति के बारे में जानकारी भी ली।

इस अवसर पर परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) गोपाल सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त श्रीमती कुसुम राठौड़ एवं संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) श्रीमती निधि सिंह सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक गोपाल शर्मा के जन्मदिन पर उमड़ा जन सैलाब

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गोपाल शर्मा का जन्म दिन मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया जिसमें उनके स्वागत एवं उन्हें शुभकामना देने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने शर्मा को फोन पर जन्मदिन की बधाई दी।

इस अवसर पर मंगलवार रात सोडाला के बाल निवास में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सिविल लाइंस के भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों और स्थानीय निवासियों के अलावा प्रदेशभर से आए लोगों ने शर्मा का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। ढोल नगाड़ों, राजस्थानी गानों, श्रीराम के भजनों और जयकारों के बीच उनका जन्मदिन मनाया गया। इस मौके शर्मा ने बड़े बुजुर्गों का विधायक शर्मा ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र के विकास में दिन-रात समर्पित रहने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में ढाई सौ से ज्यादा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान सामूहिक सुंदरकांड के पाठ के आयोजन से माहौल भक्तिमय बना गया। सभी ने जय श्रीराम के उद्घोषों के साथ एक स्वर में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। जन्मदिन के इस मौके पर शर्मा ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दर्शायी और

उन्होंने एक करोड़ रूपए से सामाजिक कार्यों में खर्च किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही 11 लाख रूपए से गरीब बच्चों की शिक्षा का जिम्मा भी उठाया गया है।

## 'मोदी सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है'

जयपुर। उद्योग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के समापन समारोह कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी उद्बोधन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्रवण करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहाकि नारी शक्ति के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र की सर्वांगीण प्रगति निहित है। मोदी सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है। देश के नीति निर्माण में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# मोदी ने संदेशखालि की महिलाओं से मुलाकात करके न्याय का भरोसा दिया, उन्हें 'मां दुर्गा' कहा

**बारासात (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को संदेशखालि की महिलाओं के एक समूह से मुलाकात की, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे हैं। मोदी ने इन महिलाओं को न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिया। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा के बाद इन महिलाओं से मुलाकात की। संदेशखालि इसी जिले में स्थित है। मोदी ने उन पांच महिलाओं से मुलाकात की जिन्होंने टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मोदी ने कथित अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं को 'मां दुर्गा' बताया। भाजपा की महिला मोर्चा द्वारा आयोजित रैली का विषय 'नारी शक्ति वंदन' था। हालांकि, संदेशखाली से रैली स्थल की ओर जा रहीं सैकड़ों महिलाएं प्रधानमंत्री से मिलने में विफल रहीं क्योंकि रास्ते में कई स्थानों पर पुलिस ने उनके वाहनों को रोक दिया जिसके परिणामस्वरूप रैली स्थल पर पहुंचने में उन्हें विलंब हुआ।

इन महिलाएं के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी थे और जहां इनके वाहनों को रोका गया था वहां के साथ-साथ वे रैली स्थल पर भी राज्य प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती देखी गईं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जनसभा के बाद, प्रधानमंत्री ने संदेशखालि की कुछ महिलाओं से मुलाकात की। महिलाओं ने उन पर हुए अत्याचारों के बारे में बताया। पीड़ितों में से एक ने संवाददाताओं से कहा, जब हम उनके पैर छूने और अपनी दुर्दशा बताने के लिए मंच के पीछे उनके घेरे में गए, तो उन्होंने हमें मां दुर्गा कहा और हमारे प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास, पीड़ित को उकसाने के आरोप में सात पर मुकदमा

**शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा।** शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मदाह की कोशिश किए जाने के मामले में उसे ऐसा करने के लिए उकसाने के आरोप में सात अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित को गंभीर हालत में लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक तारिक अली नामक व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच कर अपने पैरों पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने तत्काल कंबल डालकर आग पर काबू पा लिया। इसके बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सदर थाने में तैनात दारोगा सुभाष चंद्र दीक्षित की ओर से मंगलवार को सात अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा कुश्ती महासंघ

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने इसके अलावा पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने मंगलवार को सर्कुलर जारी करते हुए लिखा, जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लेकर आएंगे।

डब्ल्यूएफआई के सूत्र ने पीटीआई से कहा, हरियाणा के रहने वाले कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई गई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्यों का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा, सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त राज्य इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा करने से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। यहां तक कि अगर मूल रूप से अरुणाचल का रहने वाला कोई पहलवान ट्रायल्स में भाग लेने आता है तो हम उसे विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेने की अनुमति देंगे। इन ट्रायल्स का आयोजन किर्गिस्तान के बिशकेक में होने वाले एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक खेल क्वालीफायर्स के लिए टीम का चयन करने के लिए किया जा रहा है।

# सभ्य समाज को कलंकित करती है मेरा-तेरा की भावना : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इटावा (उप्र)/भाषा।** मेरा-तेरा की भावना को सभ्य समाज को कलंकित और अपमानित करने वाला बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि डबल इंजन की सरकार में कोई भेदभाव नहीं होता है और न ही मेरा-तेरा होता है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि पहले सैफई और इटावा का नाम सुनकर ही लोग भयभीत हो जाते थे। उन्होंने खुद से जुड़े एक पुराने प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि कैसे एक बार शाम ढलने के बाद आगरा से कानपुर आने के उनके कार्यक्रम को पुलिस ने यह कहकर रोक दिया था कि रात में इस इलाके में सफर करना खतरनाक साबित हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां किसी बात का डर नहीं है, बल्कि पूरे देश के युवा यहां डॉक्टरी की पढ़ाई करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉक्टरों से अपील की कि वे अधिक से अधिक मरीजों को देखें क्योंकि हर मरीज से हमें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। एक बयान के मुताबिक इससे पहले मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 500 बिस्तरों के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का लोकार्पण किया। वहीं इसके अलावा उन्होंने इटावा जनपद के लिए 147 करोड़ रुपए की 37 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 112.59 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास और 34.66 करोड़ की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें अपने गांव में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए श्रेय दिया। हालांकि योगी ने यह भी कहा कि इस आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़कर कर दिया गया था, मगर इसके संचालन के लिए केवल एक लाख रुपए की टोकन मनी ही दी गई थी, जबकि इसकी जरूरत 500 करोड़ रुपयों की थी।

# अमेठी से अपना प्रत्याशी घोषित करने का साहस नहीं जुटा पा रही है कांग्रेस : स्मृति ईरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आगामी लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट से एक बार फिर चुनाव लड़ने की तैयारी के दावों के बीच, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा कि ये पार्टी अमेठी से अपना प्रत्याशी घोषित करने का साहस नहीं जुटा पा रही हैं, उससे जाहिर होता है कि उन्हें पराजय का डर है।

ईरानी ने आज अमेठी के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा, मुझे फिलहाल यह नहीं मालूम है कि कौन चुनाव लड़ेगा लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस के लोग यहां से प्रत्याशी घोषित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं उससे प्रतीत होता है कि उन्हें अमेठी की शक्ति और पराजय का डर सता रहा है। यही उनकी हार का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने लंबे अर्से तक अमेठी से कांग्रेस सांसद रहे राहुल गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं वर्ष 2014 में अमेठी की राजनीति में आई लेकिन मैं नामदारों से चुनाव हार गई थी। मैं कामदारों में हूं। मैं अमेठी के लोगों की सेवा करती रही और मुझे भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में दूसरी बार यहां सेवा का मौका दिया और अमेठी ने मुझे स्वीकार करते हुए चुनाव जिताया।

# कांग्रेस का 'गाली गैंग' बन गया है 'इंडिया' गठबंधन : नकवी



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस का ''गाली गैंग'' बन गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नकवी ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सुशासन और स्थायित्व के कीर्तिमान के साथ अपने दो सफल कार्यकाल पूरे कर तीसरे की तरफ बढ़ चुकी है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर उस वक्त निशाना साधा है जब कुछ दिनों पहले ही राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर 'परिवार' वाली टिप्पणी की थी। नकवी ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन ''कांग्रेस का गाली गैंग'' है तथा यह 'हार की हताशा' में कुतर्क कर रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस हमेशा परिवार, प्रतिनियुक्ति या फिर रिमोट वाली सत्ता की सामंती सोच में लिप्त रही है। नकवी ने दावा किया कि कांग्रेस के ''रिमोट कंट्रोल'' के दायरे से बाहर मोदी सरकार के स्थायित्व और सुशासन संकल्प ने विपक्ष का गणित बिगाड़ दिया है और यही बदलाव ''बेईमानी के बेखौफ़ बाहुबलियों'' की बौखलाहट का कारण है।



# कांग्रेस सत्ता में आई तो जाति आधारित जनगणना कराएगी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बदनावर (मप्र)/भाषा।** राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता जाति आधारित जनगणना कराने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी बनाने की होगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आदिवासी बहुल धार जिले के बदनावर शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि जाति जनगणना ''हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा'' एक क्रांतिकारी कदम होगा। गांधी ने मप्र में अपनी यात्रा के अंतिम दिन कहा, जाति आधारित जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। जैसे ही हम केंद्र में सत्ता में आएंगे, हम यह काम करेंगे। दूसरी चीज जो हम करेंगे वह किसानों को एमएसपी प्रदान करने के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जाति आधारित जनगणना से देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्ग के लोगों की सही संख्या का आकलन होगा। उन्होंने कहा, जनगणना से इन वर्गों की वित्तीय स्थिति और विभिन्न संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का पता चलेगा। इससे सब कुछ पता चल जाएगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस '' सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम किसानों के साथ भी न्याय करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों की एकमात्र मांग फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी है। उन्होंने कहा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार कह रही है कि वे एमएसपी नहीं देंगे। इसने (सरकार ने) 100 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए, जो 24 साल के मनरेगा बजट के बराबर है। लेकिन वे किसानों का कर्ज माफ नहीं करना चाहते। कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर हम सत्ता में आते हैं तो यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाया जाएगा कि किसानों को एक निश्चित न्यूनतम राशि मिले।



# राजनीति में कुछ भी संभव, सभी दरवाजे खुले हैं : विक्रमादित्य सिंह

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को कहा कि राजनीति में सभी दरवाजे खुले हैं। उन्होंने दल-बदल रोधी कानून के तहत विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराए गए राज्य के छह बागी कांग्रेस विधायकों से मुलाकात करने के कुछ दिन बाद यह बात कही।

कांग्रेस के छह बागियों ने पिछले हफ्ते राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था, जिसके चलते कांग्रेस के उम्मीदवार की हार हुई थी। इससे राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य के बजट पर मतदान के लिए पार्टी व्हिप का कथित तौर पर उल्लंघन करने के लिए इन छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। बागियों के पार्टी में लौटने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, राजनीति में सब कुछ संभव है और सभी दरवाजे खुले हैं।



# लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार : प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेतिया (बिहार)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार ''बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार'' है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा, जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ। मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा, मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

# तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता तापस रॉय भाजपा में हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व विधायक तापस रॉय बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। रॉय ने तृणमूल नेतृत्व से मोहभंग होने का जिक्र करते हुए सोमवार को पार्टी और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रॉय का स्वागत करते हुए पार्टी का ध्वज उन्हें सौंपा। इसके बाद रॉय ने कहा, मैं आज भाजपा में शामिल हो गया क्योंकि मैं तृणमूल कांग्रेस के कुशासन और अत्याचार के खिलाफ लड़ना चाहता हूं।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि रॉय ने व्यक्तिगत फायदे के लालच में अपने सिद्धांतों और विचारधारा को तिलांजलि दे दी है। तृणमूल नेता शांतनु सेन ने कहा, बंगाल के लोग तापस रॉय जैसे गद्दारों को कभी माफ नहीं करेंगे जो निहित स्वार्थ के लिए पार्टी छोड़ देते हैं। पांच बार के विधायक रॉय ने तृणमूल कांग्रेस और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर 'कठिन परिस्थितियों के दौरान उनका साथ छोड़ देने' का आरोप लगाया था।

रॉय ने निगम भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर 12 जनवरी को ईडी द्वारा उनके घर पर की गई छापेमारी के दौरान तृणमूल के चुप्पी साध लेने पर गहरी निराशा प्रकट की थी।

# उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेरठ(उप्र)/भाषा।** उप्र विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले कथित गिरोह के सात सदस्यों को मेरठ एवं दिल्ली से पेपर तथा उत्तर कुंजी के साथ गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक (फील्ड यूनिट मेरठ) बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली थी कि उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर आउट कराने वाले गिरोह का सदस्य दीपू उर्फ दीपक के मकान में पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त हो जाने के बाद पेपर आउट कराने में हुए खर्चे को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। सिंह ने बताया कि इस सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर मंगलवार की रात छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके कब्जे से आठ मोबाइल फोन, 18 फरवरी को उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा (द्वितीय पाली) का एक प्रश्न पत्र और एक उत्तर कुंजी भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम दीप उर्फ दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार एवं साहिल हैं। सिंह ने बताया कि इन लोगों से पूछताछ के आधार पर गौतमबुद्ध नगर निवासी प्रमोद पाठक को मंगलवार रात दिल्ली के मुखर्जी नगर से गिरफ्तार किया गया।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है : रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धर्मशाला/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित नहीं किया हो।

एक प्रारूप पर दूसरे को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों को कड़ा संदेश देते हुए बीसीसीआई ने सभी अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को 'प्राथमिकता' देने की सलाह दी थी और रणजी ट्रॉफी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी करने पर 2023 एकदिवसीय विश्व कप टीम में शामिल खिलाड़ियों इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के पूल से बाहर कर दिया था।

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी खिलाड़ियों पर लागू होता है और यह सिर्फ कुछ खिलाड़ियों के लिए नहीं है। रोहित ने कहा, इस बारे में लंबे समय से चर्चा चल रही है। जब खिलाड़ी उपलब्ध होंगे तो उन्हें खुद को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है या वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेंगे।



लेकिन अगर आप उपलब्ध हैं, अगर आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम जाएं और खेलें। उन्होंने कहा, यह सिर्फ कुछ क्रिकेटरों के लिए नहीं है, यह हर किसी के लिए है कि वे सुनिश्चित करें कि जब भी आप उपलब्ध हों, और ठीक हैं, आप घरेलू क्रिकेट खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा, आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी ट्रॉफी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। बेशक आज भी बहुत ही दिलचस्प खेल हो रहा था, मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की (उन्होंने बुधवार को ऐसा किया)। कप्तान ने कहा, जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है। यह महत्वपूर्ण है कि हम घरेलू क्रिकेट को महत्व दें जो भारतीय क्रिकेट का मूल है।

# यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को अपने करियर में पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए। वर्ष 2023 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जायसवाल 727 रेटिंग अंक के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ बल्ले से जबरदस्त फॉर्म में चल रहे जायसवाल ने एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले बाएं हाथ के एकमात्र बल्लेबाज हैं। बाइस साल के जायसवाल सुनील गावस्कर, दिलीप सरदेसाई, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के साथ टेस्ट श्रृंखला में 600 रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल पांचवें भारतीय हैं। जायसवाल ने अब तक चार टेस्ट मैच में 93.57 की औसत से 655 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक और दो दोहरे शतक शामिल हैं। उनकी नजरें अब एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक रन (774) के महान सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ने पर टिकी हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में तीसरे टेस्ट में 131 रन की शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा को 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय कप्तान को दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की पूरी श्रृंखला से बाहर विराट कोहली भी एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची में चौथे टेस्ट में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में विफल रहे मार्नस लाबुशेन पांच स्थान के




नुकसान से 13वें स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में भारत के रविंद्र जडेजा एक स्थान फिसलकर सातवें स्थान पर हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत के बाद जोश हेजलवुड और नाथन लियोन दोनों रैंकिंग में ऊपर चढ़कर क्रमश: चौथे और छठे स्थान पर हैं।

## सुविचार

कभी पीठ पीछे आपकी बात चले तो घबराना मत, क्योंकि बात तो उन्हीं की होती है, जिनमें कोई बात होती है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एक राष्ट्र, महान राष्ट्र

द्रमुक के सांसद ए राजा के 'भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा' जैसे कथित बयान के लिए यही कहा जा सकता है कि वोटबैंक की राजनीति जो करवा दे, कम है! राजा को चाहिए कि वे पश्चिमी दार्शनिकों के साथ ही भारतीय मनीषियों के विचारों का भी अध्ययन करें। भारत एक महान राष्ट्र है। अफगानिस्तान की गुफाओं से लेकर इंडोनेशिया के द्वीपों तक ऐसे अनेक प्रमाण मिल जाएंगे, जो बताते हैं कि भारत की जड़ें कितनी गहरी हैं और यह कितनी समृद्ध परंपराओं वाला प्राचीन राष्ट्र है! 'भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा' – ऐसी बातें ब्रिटिश साम्राज्यवाद के दौर में अंग्रेज किया करते थे। लंदन ने ऐसे लेखकों, शिक्षकों और प्रचारकों को वेतन पर रखा था, जो घूम-घूमकर विभिन्न सभाओं में उक्त शब्द दोहराते रहते थे, ताकि भारतवासियों में हीनभावना का प्रसार हो, उन्हें लगे कि जो कुछ अंग्रेज लेकर आए हैं, वह तो खरा सोना है और जो कुछ हमारे पूर्वज छोड़कर गए हैं, वह खोट से भरा हुआ है! बहुत लोग इस दुष्प्रचार को सच मान बैठे थे और आज भी मानते हैं। यह कहना कि 'एक राष्ट्र का अर्थ है- एक भाषा, एक परंपरा, एक संस्कृति', सत्य नहीं है। निस्संदेह राष्ट्र के लिए भाषा, परंपरा और संस्कृति का होना जरूरी है, लेकिन इनमें अत्यधिक एकरूपता का होना जरूरी नहीं है। राष्ट्र में ऐसे कई तत्त्व होते हैं, जो विविधताओं में एकता की सृष्टि करते हैं। भारत में भी ऐसे तत्त्व हैं। भारत के हर राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में लोग धरती को माता मानते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हर जगह समान रूप से आदरभाव देखने को मिलता है। हमारे सामाजिक शिष्टाचार हमें एक राष्ट्र बनाते हैं। हम पर 1947-48, 1962, 1965, 1971 और 1999 के युद्ध थोपे गए थे। हमने कोरोना काल जैसे गंभीर संकट का सामना किया। उस दौरान हम बतौर राष्ट्र मजबूती से खड़े रहे। राष्ट्र एक अनुभूति है। यह विश्वास है, जुड़ाव है। यह सामूहिक शक्ति, प्रेम और समर्पण का दूसरा नाम है। यहां कृत्रिमता और कोरी बौद्धिकता से काम नहीं चलता।

अगर 'एक भाषा, एक परंपरा, एक संस्कृति' के होने को ही राष्ट्र कहा जा सकता है, तो क्या उन परिवारों को भी एक परिवार नहीं कहा जाएगा, जो किन्हीं कारणों से एक ही तरह की भाषा नहीं बोलते, जिनमें अलग-अलग तरह की परंपराओं का समावेश हो गया है, जिनके सदस्यों में आस्था के स्तर पर कुछ मतभेद हैं? भारत में ऐसे लाखों परिवार मिल जाएंगे, जिनमें बहुत विविधताएं हैं, लेकिन उन्हें आपस में जोड़कर रखता है- 'प्रेम' और इसी से वे लोग परिवार कहलाते हैं। किसी कक्षा को 'कक्षा' कौन बनाता है? वर्दी, पढ़ाए जाने वाले विषय, शिक्षक, बोर्ड, किताबें या कुछ और? निस्संदेह कक्षा के लिए ये जरूरी हैं, लेकिन इनके साथ ही जरूरी है- 'ज्ञान-प्राप्ति की इच्छा', यह सभी विविधताओं के बावजूद कक्षा को 'कक्षा' बनाती है। अगर विद्यार्थियों में ज्ञान-प्राप्ति की इच्छा ही न रहे तो फिर वर्दी, विषय, शिक्षक, बोर्ड, किताबें आदि कुछ नहीं कर सकते। राष्ट्र कभी एक दिन में नहीं बनते। उनके पीछे सदियों की साधना होती है। वर्ष 1947 में पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान अस्तित्व में आए थे, जिनके मूल में मजहब था। उस समय उनके पक्ष में बड़ी-बड़ी दलीलें दी गई थीं, पाकिस्तान बनने को चमत्कार बताया गया था, लेकिन वर्ष 1970 आते-आते दोनों के बीच अविश्वास और नफरत की खाई इतनी बढ़ गई कि अगले ही वर्ष उनके रास्ते अलग-अलग हो गए। ढाई दशक पहले जो बिंदु उनकी बुनियाद बताए जा रहे थे, वे भी उन्हें एकजुट नहीं रख सके। यह बताता है कि पाकिस्तान कोई राष्ट्र नहीं है। भले ही उसमें भाषा, मजहब, परंपराओं, संस्कृति ... समेत कई बिंदुओं को लेकर एकरूपता हो, लेकिन उसकी जड़ में 'भारत से नफरत' है। वह भारत-विरोधी मानसिकता का जमघट है। उसके पास कोई चिंतन नहीं, कोई दर्शन नहीं है। राष्ट्र के लिए जो दर्शन चाहिए, वह भारत के पास है। इसीलिए भारत एक महान राष्ट्र है।

## ट्वीटर टॉक



एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवा को यहीं बिहार में नौकरी मिले, रोजगार मिले। आज जिन हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, उसके मूल में भी यही भावना है।

-नरेन्द्र मोदी



नवयुग प्रवर्तक यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम को पश्चिम बंगाल से संबोधित किया, जिसे जयपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र सभागार में प्रदेश की मातृशक्ति के साथ वर्चुअली सुना। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया।

-सीपी जोशी



पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी की बहन विमला देवी जी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार जनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

-दीया कुमारी

## प्रेरक प्रसंग

# सहजता का सौंदर्य

वैसे तो हेनरी फोर्ड एक बेहद अमीर व्यक्ति थे। लेकिन उनके जीवन में बेहद सहजता थी। एक पुराना कोट वे अक्सर पहने रहते थे। सचिव ने बेहद आदर के साथ उनसे कहा, 'आपका कोट अब बहुत पुराना हो गया है। इसे बदलकर नया कोट ले लीजिए।' फोर्ड ने हंसते हुए कहा, 'नये कोट का क्या करना। इसी की सिलाई करवा लेते हैं।' सेक्रेटरी ने कहा, 'आप बहुत सम्मानित व्यक्ति हैं। लोग आपको पुराने कोट में देखकर नकारात्मक प्रतिक्रिया करेंगे।' इस पर फोर्ड ने कहा, 'अमेरिका में सभी लोग जानते हैं कि मैं हेनरी हूं।' यह तर्क सुनकर सेक्रेटरी चुप हो गया। लेकिन उसने तय किया कि वह अवसर देखकर कोट को बदलवा लेगा। कुछ दिनों बाद सचिव को मौका मिला। दरअसल, फोर्ड को ब्रिटेन जाना था। मौका पाकर सेक्रेटरी ने कहा, 'सर अमेरिका में तो आपको सब लोग जानते हैं। लेकिन अब जब आप ब्रिटेन जा रहे हैं तो आपको यह कोट बदल लेना चाहिए।' फोर्ड ने जवाब दिया, 'विदेश में कौन जानता है कि मैं फोर्ड हूं। ऐसे में कोट बदलने की क्या जरूरत है?' निश्चित रूप से यह हेनरी फोर्ड की मितव्ययिता और सादगी का अनुकरणीय उदाहरण है।

## सामयिक

## महाशिवरात्रि (कल) पर विशेष

# एकादश रुद्र रूपों में दुखों का नाश करते हैं भगवान शिव

संकलन : हर्षवर्द्धन कौशिक



महाशिवरात्रि हिंदुओं के सबसे महत्वपूर्ण और शुभ त्योहारों में से एक है। महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव विवाह के शुभ बंधन में बंधे थे, इसलिए इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को सुख और सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह वार्षिक उत्सव भगवान शिव और देवी पार्वती के साथ उनके पवित्र मिलन का सम्मान करता है। शिव और शक्ति मिलकर प्रेम, शक्ति और एकता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह संलयन रात में होता है इसलिए महा शिवरात्रि को भगवान शिव की महान रात्रि के रूप में परिभाषित किया गया है। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। इस वर्ष 8 मार्च शुक्रवार के दिन महाशिवरात्रि का उत्सव मनाया जाएगा। मान्यता है कि इसी दिन बह्माण्ड की रचना हुई थी। जिस दिन शिव ने तांडव किया था, वह फाल्गुन महीने के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी (चौदहवीं) तिथि थी। महापुराण के अनुसार वही खास तिथि महाशिवरात्रि हुई है। शिव पुराण के ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में आदिदेव भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले 12 ज्योतिर्लिंगों के रूप में प्रकट हुए थे।

फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि।
शिवलिंगतयोद्भूत: कोटिसूर्यसमप्रभ:।।

वेदों में शिव का नाम 'रुद्र' रूप में आया है। रुद्र का अर्थ होता है भयानक। रुद्र संहार के देवता और कल्याणकारी हैं। विद्वानों के मत से उक्त शिव के सभी प्रमुख अवतार व्यक्ति को सुख, समृद्धि, भोग, मोक्ष प्रदान करने वाले एवं व्यक्ति की रक्षा करने वाले हैं। भगवान शिव को स्वयंभू कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि वह अजन्मा हैं। वह ना आदि हैं और ना अंत। भोलेनाथ को अजन्मा और अविनाशी कहा जाता है। भगवान शिव सृष्टि के संहारक हैं। उनके संहारक स्वरूप को रुद्र कहा गया है। भगवान शिव ने अपना वचन सत्य करने के लिए कश्यप ऋषि की पत्नी सुरभि के गर्भ से ग्यारह रुद्रों के रूप में अवतार लिया। यह ग्यारह रुद्र देवताओं के दु:ख को दूर करने के लिए प्रकट हुए थे इसीलिए इन्होंने देवताओं को पुन: स्वर्ग का राज दिलाया। पुराणों के अनुसार यह ग्यारह रुद्र सदैव देवताओं की रक्षा के लिए स्वर्ग में ही रहते हैं।पुराणों में वर्णित 33 कोटि (अर्थात 33 प्रकार) देवी देवताओं में यह ग्यारह रुद्र आते हैं। बहुत लोग भगवान शिव का एक नाम रुद्र अपने बच्चों का रख लेते हैं लेकिन बहुत कम लोग नाम का अर्थ जानते हैं। आइए जानें इन तथ्यों के माध्यम से रुद्र कौन है और कैसे मिलता है उनका आशीष।

भगवान शिव के इस प्रखर रूप को रुद्र रूप की परिभाषा हमारे शास्त्रों में काफी तरह से की गई है, जिन्हें जानना अपने आप में काफी रोचक अनुभव है।लिंगपुराण के अनुसार, सृष्टि के चक्र को तीव्रता प्रदान करने के लिए भगवान शिव ने ही स्वयं अपने 11 अमर व शक्तिशाली रुद्र रूप की संरचना की थी। कहीं यह रौद्र रूप में दिखते हैं तो कहीं सौम्य रूप में दर्शन देते हैं। यह दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। 'रु' का अर्थ होता है चिंता और 'द्र' का अर्थ होता है दूर करना। इस कारण से रुद्र का अर्थ हुआ जो आपके सारी समस्याएं और चिंताओं का नाश कर दे। हमारे शास्त्रों में भगवान रुद्र का बेहद ही सुंदर वर्णन मिलता है। जिसमें उनके पांच सिर और धड़ को एकदम पारदर्शी और चमकीला बताया गया है। उनके बाल में चंद्रमा विद्यमान है और वहां से गंगा निरंतर प्रवाहित होती दिखती है। गले में सर्प और बगल में माता पार्वती उनके पास बैठी दिखाई देती हैं। त्रिनेत्रधारी रुद्र भगवान के चार हाथों में से एक में त्रिशूल, बाकी आशीर्वाद-वरदान देते और हिरण के साथ दिखाई देते हैं।इसी कारण से भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी जब किया जाता है तो वह भी उनके रूपों की भांति 11 बार ही करने की परंपरा चली आ रही है। मान्यता है कि भगवान हनुमान उनके 11 वें रुद्रावतार ही हैं, जो इस रूप में श्रीराम की इस धरती पर सहायता करने के लिए अवतार के रूप में आए थे। वह लोक-परलोक दोनों के भगवान हैं। भगवान इस रूप में भक्तों के सारे कष्ट हरते हैं। भगवान रुद्र के नाम में ही उनके पालनहार होने के रहस्य छुपे हैं। भगवान शिव के रुद्र रूप को पालनहार और संहारक दोनों ही संज्ञा प्राप्त है। इसीलिए जब वह इस रूप में आते हैं तो हर कहीं प्रलय आ जाती है लेकिन उनका सौम्य रूप अत्यंत श्वेत और करुणामयी है।

ऋग्वेद और यजुर्ववेद में रुद्र भगवान को पृथ्वी और स्वर्ग के बीच बसी दुनिया के ईष्टदेव के रूप में बताया गया है। दरअसल इस सृष्टि में जैसे जीवित रहने के लिए प्राणवायु का महत्व है, उसी प्रकार रुद्र रूप का भी अस्तित्व सर्वोपरि है। उपनिषदों में भगवान रुद्र के ग्यारह रूपों को शरीर के 10 महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत मानने के साथ ही 11 वें को आत्म स्वरूप माना गया है। सृष्टि में जो भी जीवित है, इन्हीं की बदौलत है। मृत्यु पश्चात आपके सगे-संबंधियों को रोना आता है। इसीलिए रुद्र को पवित्र अर्थों में रुलानेवाला भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार एक बार इन्द्र आदि देवता दैत्यों से पराजित हो गए और भयभीत होकर अपनी अमरावतीपुरी को छोड़कर अपने पिता महर्षि कश्यप के आश्रम में आ गए। सभी देवताओं ने कश्यपजी को अपना कष्ट सुनाया। शिवभक्त महर्षि कश्यप देवताओं को कष्ट दूर करने का आश्वासन देकर काशीपुरी आ गए और वहां शिवलिंग की स्थापना करके तप करने लगे। बहुत समय बीत जाने पर परम दयालु भगवान शिव प्रकट हो गए और उनसे वर मांगने के लिए कहा। कश्यपजी ने कहा-'दैत्यों ने देवताओं और यक्षों को पराजित कर दिया है, इसलिए आप मेरे पुत्र रूप में प्रकट होकर देवताओं के कष्टों को दूर कीजिए।' भगवान शंकर 'तथास्तु' कहकर अन्तर्ध्यान हो गए। आश्रम वापस आकर उन्होंने देवताओं को भगवान शंकर के अवतार लेने की बात सुनाई, तो सभी देवता प्रसन्न हो गए। भगवान शिव ने अपना वचन सत्य करने के लिए कश्यप ऋषि की पत्नी सुरभि के गर्भ से ग्यारह रुद्रों के रूप में अवतार लिया। उस समय देवताओं ने बड़ा उत्सव किया। भगवान के इन रुद्रावतारों से सारा जगत शिवमय हो गया। ये एकादश रुद्र बहुत ही बली और पराक्रमी थे। इन्होंने युद्ध में दैत्यों को हराकर इन्द्र को पुन: स्वर्ग का राज्य दिला दिया। सभी देवता निर्भय होकर अपना-अपना राजकार्य संभालने लगे। आज भी भगवान शिव के स्वरूप ये सभी एकादश रुद्र देवताओं की रक्षा के लिए स्वर्ग में विराजमान हैं और ईशानपुरी में निवास करते हैं। उनके अनुचर करोड़ों रुद्र कहे गये हैं, जो तीनों लोकों में चारों ओर स्थित हैं।

।। सर्वेश्वराय विद्महे, शूलहस्ताय धीमहि
तन्नो रुद्र प्रचोदयात।।

इसका तात्पर्य है...हे सर्वेश्वर भगवान आपके हाथ में त्रिशूल है और मेरा जीवन विभिन्न प्रकार के कष्टों और परेशानियों से घिरा हुआ है। ऐसे में आप मुझे अपनी कृपा में ले कर मेरे कष्टों को दूर कीजिए और मुझ पर कृपा कीजिए, क्योंकि मैं आपकी शरण में हूं। शास्त्रों के मुताबिक शिव ग्यारह अलग-अलग रुद्र रूपों में दु:खों का नाश करते हैं। यह ग्यारह रूप एकादश रुद्र के नाम से जाने जाते हैं। लगभग सभी पुराणों में शिव को त्याग, तपस्या, वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले हैं। भगवान शिव के अनगिनत रूप हैं, क्योंकि सारी प्रकृति को ही शिव स्वरूप माना गया है। यही कारण है कि शिव को दु:खों को नाश करने वाले देवता के रूप में पूजा जाता है।

> शास्त्रों के मुताबिक शिव ग्यारह अलग-अलग रुद्र रूपों में दु:खों का नाश करते हैं। यह ग्यारह रूप एकादश रुद्र के नाम से जाने जाते हैं। लगभग सभी पुराणों में शिव को त्याग, तपस्या, वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले हैं। भगवान शिव के अनगिनत रूप हैं, क्योंकि सारी प्रकृति को ही शिव स्वरूप माना गया है। यही कारण है कि शिव को दु:खों को नाश करने वाले देवता के रूप में पूजा जाता है।

## विचार

# महिला-क्रांति के विस्फोट की संभावना

ललित गर्ग

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला अधिकार कार्यकर्ता रहीं क्लारा जेटकिन ने 1910 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगेन में कामकाजी महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने इसका सुझाव दिया था। जिसके बाद साल 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विटजरलैंड में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। इस दिन को सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और कई दूसरे क्षेत्रों में अपना अहम योगदान देने वाले महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। साल 2024 की थीम है- इंस्पायर इंक्लूजन' इसका मतलब है एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले, जिससे अपनेपन, प्रासंगिकता और सशक्तिकरण की भावना आती है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

आजादी के बाद से राष्ट्र के विकास के साथ, भारतीय महिलाओं को राष्ट्र की प्रगति और विकास में समान भागीदार बनने के लिये अधिकारों और अवसरों की प्राप्ति हुई है। सावित्रीबाई फुले, कस्तूरबा गांधी, सरोजिनी नायडू, आनंदीबाई गोपालराव जोशी, इन्दिरा गांधी से लेकर इंदिरा नुई, सायना नेहवाल, टीना डबी, सावित्री जिन्दल जैसी हस्तियों के रूप में महिलाओं ने सार्वजनिक और निजी जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी शूरवीरता एवं अपने कौशल का परिचय दिया है। नई शताब्दी में भारत में महिलाएं अपनी स्वयं की विशिष्ट पहचान के साथ मुक्त और स्वतंत्र व्यक्तित्व के तौर पर समाज द्वारा उन्हें सौंपी गई अविभाज्य साथी, राष्ट्र-निर्माता और विकास की विभिन्न भूमिकाओं को बेखूबी निभाया हैं। वह अब पूर्व की भांति पूरी तरह चूल्हा और रसोई में ही नहीं लगी रहतीं। वे अब स्वयं और सभी मानवजाति के लिये नये संसार में विश्वास की नई ऊंचाइयों के लिये उड़ान भर रही हैं। राष्ट्र के आर्थिक जीवन में महिलाओं को किसी भी तरह से पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। वैश्विक अर्थव्यवस्था की तेजी के युग में भारत के दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने में बहुत-सी महिलाओं ने अपने को सफल उद्यमियों एवं व्यावसायिक के तौर पर साबित किया है। राजनीति में महिलाएं लंबे समय से सक्रिय रही हैं। हालांकि तब भी उन्हें नेतृत्व करने की अनुमति नहीं दी जाती थी। लेकिन भारत ऐसा पहला देश था जिसकी प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति एक महिला बनी। यहां तक कि अमरीका भी अपने देश के सर्वोच्च पद के लिये किसी महिला का चुनाव नहीं कर पाया है।

महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के बावजूद एक टीस सी मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। महिला समाज को अपनी प्रतिरोधात्मक शक्ति को विकसित कर जागृत जीवन जीने का अभ्यास करना है। उसे अपनी परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सोने, चांदी, हीरे, मोती आदि से निर्मित आभूषण उसके सहज सौंदर्य को आवरित ही कर सकते हैं, निखार नहीं दे सकते। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है? स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है।

'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे भोग की वस्तु' समझकर आदमी अपने तरीके' से इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है। इसके अलावा अंग्रेजी शासनकाल में भी रानी लक्ष्मीबाई, चाँद बीबी आदि नारियाँ जिन्होंने अपनी सभी परंपराओं आदि से ऊपर उठ कर इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ साथ देखा गया की देश पर अनेक आक्रमणों के पश्चात भारतीय नारी की दशा में भी परिवर्तन आने लगे। अंग्रेजी और मुस्लिम शासनकाल के आते-आते भारतीय नारी की दशा अत्यंत चिंतनीय हो गई। दिन-प्रतिदिन उसे उपेक्षा एवं तिरस्कार का सामना करना पड़ता था। इसके साथ साथ भारतीय समाज में आई सामाजिक कुरीतियाँ जैसे सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहू पति विवाह और हमारी परंपरागत रूढ़िवादिता ने भी भारतीय नारी को दीन-हीन कमजोर बनाने में अहम भूमिका अदा की। लेकिन अब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके हैं, अमृत काल में नारी का जीवन भी अमृतमय बने, यही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को वास्तविक अर्थ दे सकता है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

### बेबी शो



केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और विकास मंत्री, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी और संसद सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा, के लक्ष्मण हैदराबाद में 'हेल्दी बेबी शो' में भाग लेते हुए।

## दक्षिण चीन सागर विवाद को बिना किसी खतरे के हल किया जाएगा : आसियान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन और चीन के तटरक्षक बलों के बीच हुई भिड़ंत को 'असुरक्षित और अस्थिर व्यवहार' करार देते हुए बुधवार को इस पर चिंता व्यक्त की और कहा कि क्षेत्र में विवाद को बिना किसी खतरे के हल किया जाएगा। अल्बनीज का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनके देश की मेजबानी में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) का तीन-दिवसीय शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ। यद्यपि यह सम्मेलन विवादित दक्षिण चीन सागर में जारी घटनाओं को लेकर चीन को स्पष्ट रूप से कड़ा संदेश देने में विफल रहा। आसियान देशों के नेताओं ने विवादों को धमकियों के बजाय बातचीत के माध्यम से हल करने का आग्रह किया। दरअसल, चीन के तटरक्षक बल के जहाजों ने मंगलवार को विवादित दक्षिण चीन सागर के तट पर फिलीपीन के जहाजों को रोका, जिससे मामूली भिड़ंत हो गयी। फिलीपीन तटरक्षक बल के प्रवक्ता कोमोडोर जय तैरिएला ने बताया कि चीन के जहाजों ने फिलीपीन के दो जहाजों के खिलाफ खतरनाक गतिविधियों को अंजाम दिया, जिससे फिलीपीन तटरक्षक के एक जहाज और चीनी तटरक्षक बल के एक जहाज के बीच टक्कर हो गयी।

### संकल्प पत्र



गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी बुधवार को सूरत में पार्टी के 'भारत संकल्प पत्र' के संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भाजपा नेताओं के साथ।

## जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी बढ़ाने पर दिया जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सियोल। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत, दक्षिण कोरिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक समसामयिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नये क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना चाहता है। जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग पर व्यापक व सार्थक चर्चा हुई।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज (बुधवार को) सियोल में विदेश मंत्री चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की, जो व्यापक और सार्थक



रही। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में विस्तार, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार में सहयोग, दोनों देशों के लोगों का आवागमन और सांस्कृतिक सहयोग आदि पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा, द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति हमारी सहमति और आपसी हितों के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दक्षिण कोरिया के दौरे के वक्त द्विपक्षीय संबंध एक नयी ऊंचाई तक पहुंचे थे। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि हम उसे बनाए रखें। बीते वर्षों में हम और मजबूत हुए हैं। हम वास्तव में एक-दूसरे के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं और हमारा द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग में तेजी से वृद्धि हुई है और हमने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गतिशीलता बनाए रखी है। उन्होंने कहा, अब हम अपने संबंधों को और अधिक समसामयिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन, मानव संसाधन गतिशीलता, परमाणु सहयोग आदि नये क्षेत्रों में विस्तार करने में रुचि लेंगे।

जेसीएम में दोनों देशों के कई मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसने व्यापार, निवेश, विकास सहयोग, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों के आपसी संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय सहयोग की व्यापक समीक्षा के लिए मंच प्रदान किया।

## निक्की हेली राष्ट्रपति पद उम्मीदवार की दौड़ से होंगी बाहर, रिपब्लिकन की ओर से ट्रंप होंगे दावेदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दावेदारी बुधवार को छोड़ देंगी और उन्होंने यह निर्णय 'सुपर ट्यूजडे' को कई राज्यों की पार्टी प्राइमरी में हार के बाद लिया है। हेली के फैसले से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। भारतीय मूल की हेली के इस फैसले के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार रह जाएंगे।हेली के फैसले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बुधवार की सुबह औपचारिक घोषणा से पहले पुष्टि की कि हेली राष्ट्रपति पद चुनाव की दौड़ से हट जाएंगी।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली तब ट्रंप की पहली मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी जब फरवरी 2023 में उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनावी दौड़ में शामिल होने की घोषणा की।

### शुभारंभ



ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में अपने आवास नवीन निवास में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना - नाबिन स्वास्थ्य आश्वासन योजना कार्ड का शुभारंभ करते हुए।



## डिजनी प्लस हॉटस्टार ने जारी किया शोटाइम का ट्रेलर

मुंबई/एजेन्सी

डिजनी प्लस हॉटस्टार और धारमेटिक इंटरटेनमेंट ने बहुप्रतीक्षित सीरीज शोटाइम का ट्रेलर जारी किया है। शोटाइम में धन, व्यापार, ग्लैमर, रिश्तों और जीवन शैली के साथ जुड़ी बॉलीवुड की छिपी जानकारियों को केवल डिजनी प्लस और हॉटस्टार पर आठ मार्च को रिलीज किया जायेगा।

शोटाइम को इमरान हाशमी और महिमा मकवाना संचालित करेंगे। उनके साथ मौनी राय, राजीव खंडेलवाल, श्रेया सारण, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज़ और नसीरुद्दीन शाह अहम भूमिका में रहेंगे। शो के निर्माता सुमित राय हैं और उन्होंने ही इसकी पटकथा भी लिखी है। इसका कथानक मिहिर देसाई और अर्चित कुमार के साथ सुमित राय, मिथुन गंगोपाध्याय और लारा चांदनी ने तैयार किया है। इसके संवाद जहान हांडा और करण श्रीकांत शर्मा ने लिखे हैं । नये युवा अभिनेताओं के लिये, इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करने का यह बड़ा अवसर और एक अच्छा मौका है। महिमा मकवाना ने अपने काम के अनुभव प्रतिष्ठित अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ साझा किये हैं ।

नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करने को लेकर महिमा मकवाना ने कहा, नसीरुद्दीन शाह सर के सामने मैं सच में नर्वस थी, वह एक बड़े दिग्गज अभिनेता हैं, और मैं उस दिन ब्लैंक रही । हमारा पाँच पेज का सीन था और उस समय जब वह आये, मुझे याद है कि मैं घबरा गयी थी, सर को देखकर मेरी आँखे नम हो गयीं। मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि यह सच है, लेकिन दिन के अंत में सब ठीक रहा, और हमने बहुत अच्छा अनुभव किया।

## रामचरण के साथ 'आरसी 16' में नजर आयेगी जान्हवी कपूर

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म 'आरसी 16' में नजर आयेगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जान्हवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आयेंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री 'आरसी 16' में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी।

## 'आशिकी 3' नहीं बना रही है टी-सीरीज

मुंबई/एजेन्सी

टी-सीरीज़ ने आशिकी 3 बारे में अफवाहों पर स्पष्टीकरण देते हुये कहा कि वह आशिकी 3' को प्रोड्यूस नही कर रही है। कहा जा रहा था कि कार्तिक आर्यन की फिल्म 'आशिकी 3' की तरह टी-सीरीज भी एक अलग टाइटल से फिल्म बनाने वाला है जिसे अनुराग बसु निर्देशित करेंगे, लेकिन अब भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टीसीरीज ने साफ कर दिया है कि उनका 'आशिकी 3' की तर्ज पर अलग टाइटल वाली फिल्म बनाने से कोई लेना देना नहीं है, न तो वह फिलहाल वह 'आशिकी 3' से जुड़े हैं न ही इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

'आशिकी 3' को लेकर टी-सीरीज ने ऑफिशियल बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि टी-सीरीज़ स्पष्ट करना चाहती है कि हम वर्तमान में आशिकी 3 के डवलप्मेंट और प्रोडक्शन से हमारा कोई लेना देना नहीं है।यदि और जब आशिकी 3 शुरू की जाती है, तो टी-सीरीज़ और विशेष फिल्म्स / मुकेश भट्ट फ्रेंचाइजी में संयुक्त मालिक होने के नाते इसे केवल संयुक्त रूप से निर्मित करेंगे। हम किसी भी चल रही अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं जिसमें कहा गया है कि आशिकी 3 का निर्माण टी-सीरीज़ द्वारा एक अलग शीर्षक के तहत किया जा रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित हमारी प्रस्तावित फिल्म न तो आशिकी 3 है और न ही आशिकी फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। हम अपने प्रशंसकों के निरंतर समर्थन और उत्साह की ईमानदारी से सराहना करते हैं।हमारी प्रतिबद्धता लगातार शीर्ष स्तर की सामग्री प्रदान करने में निहित है, और हम अपने सम्मानित भागीदारों के साथ भविष्य के उद्यमों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

## पुष्पा-2 में हुई संजय दत्त की एंट्री

मुंबई/एजेन्सी

इस वर्ष की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा-2 को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। दर्शक बड़ी बेसब्री से 15 अगस्त को इस फिल्म के प्रदर्शन की राह तक रहे हैं। अल्लू अर्जुन अभिनीत 'पुष्पा: द राइज' ने देशभर में जो माहौल बनाया उसने फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई जुटाकर दी। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली इस फिल्म का सोशल मीडिया पर अलग ही क्रेज था।

अब 'पुष्पा 2' पर काम शुरू हो चुका है और इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म की हर डिटेल बहुत दबाकर रखी जा रही है। मगर अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है जिससे देशभर के इसके दर्शकों को अलग ही मजा आएगा। रिपोर्ट्स का मानें तो अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2' में बॉलीवुड के 'खलनायक' की एंट्री होने जा रही है। सियासत की एक रिपोर्ट बताती



है कि संजय दत्त को, निर्देशक सुकुमार की इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए अप्रोच किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि 'पुष्पा' के निर्देशक सुकुमार ने, सीक्वल के लिए किसी 'ए-ईस्ट बॉलीवुड एक्टर को कास्ट करने का फैसला किया है।'

रिपोर्ट्स में ये भी सामने आया कि संजय का किरदार 'पुष्पा 2' में कैसा होने वाला है। बताया जा रहा है कि वो फिल्म में एक बड़े 'प्रभावशाली व्यक्ति' का किरदार निभाने वाले हैं। उनका किरदार कहानी के प्लॉट में एक एक्स्ट्रा लेयर ऐड करेगा। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि उनका यह किरदार पूरी फिल्म में होगा या नहीं या फिर कहीं उनका किरदार एक्सटेंडेट कैमियों तो नहीं होगा।

इससे पहले ये भी रिपोर्ट्स आई थीं कि 'पुष्पा 2' में दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी भी काम करने जा रहे हैं। हालांकि न्यूज 18 से बात करते हुए मनोज ने इस खबर को 'गलत' बताया था। रॉकिंग स्टार यश की 'घत्रक्र चैप्टर 2' और थलापति विजय की लियों के बाद से ही संजय दत्त की दक्षिण भारत में बेहतरीन अदाकार के तौर पर काफी ज्यादा मांग है।



## फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभायी है। फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।ट्रेलर की शुरूआत रणदीप हुड्डा के डायलॉग से होती है , जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से ही मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भारत से भागने पर मजबूर किया। 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' से रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'अमर सिंह चमकीला' हमले का सामना करने वाले अन्य लोकप्रिय कलाकारों के जीवन का प्रतीक हैं: इम्तियाज अली

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता इम्तियाज अली दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित फिल्म बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में यह बताया गया है कि एक ही समय में लोकप्रिय हो जाना और उसी समय हमले का शिकार होना कैसा होता है। 'पंजाब के एल्विस प्रेस्ली' नाम से मशहूर चमकीला की साल 1988 में उनकी गायिका साथी अमरजोत के साथ हत्या कर दी गई थी। अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ फिल्म में चमकीला का अभिनय कर रहे हैं तो वहीं अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अमरजोत की भूमिका निभा रही हैं। चमकीला 1980 के दशक के दौरान सबसे लोकप्रिय गायक थे। 1980 के दशक का समय पंजाब के सबसे बुरे समय में से एक था। इस दौरान कई घटनाएं घटी हैं।

अली ने 'फिक्की फ्रेम्स 2024' से इतर 'पीटीआई-भाषा' को दिए गए साक्षात्कार में



कहा, 'हम इस फिल्म में एक कलाकार की बात कर रहे हैं, जिसे मार दिया गया था...मैंने केवल उनके जीवन को दर्शाया है लेकिन यह पंजाब और दुनिया भर में कई अन्य कलाकारों के जीवन का भी प्रतीक बन गया है, जिन्हें एक ही समय में लोकप्रिय होने और हमले का सामना करना पड़ा है।' 'जब वी मेट', 'लव आज कल', 'तमाशा' और 'रॉकस्टार' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्धि पाने वाले फिल्म निर्माता ने कहा कि वह लोकप्रियता के परिणामों का सामना करने वाले एक कलाकार की मानसिकता के बारे में जानने के लिए प्रेरित हुए थे। अली ने कहा, 'एक कलाकार के जीवन में स्पष्ट (प्रसिद्धि) के अलावा मार्मिकता, खुशी और उल्लास भी होता है। मैं यह महसूस करना चाहता था कि जब किसी पर हमला हो और फिर भी वह इतना लोकप्रिय हो तो क्या होता है और इन सब के बावजूद ऐसा कौन-सा समय होता है जब एक कलाकार वास्तव में संगीत तैयार करता है।' निर्देशक ने फिल्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए कलाकारों दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की प्रशंसा की। अली ने कहा, 'दिलजीत के अलावा कोई भी चमकीला का किरदार नहीं निभा सकता था। फिल्म में वह उन 'अखाड़ों' पर चमकीला की तरह ही लाइव गा रहे हैं। फिल्म में जो कुछ भी आप दिलजीत और परिणीति को गाते सुन रहे हैं वह वास्तव में लोकेशन पर लाइव गाया गया है। बाद में उसमें कुछ भी नहीं जोड़ा गया है। उन दोनों ने गाना गाया है। दिलजीत और परिणीति के बिना ऐसा कर पाना संभव नहीं था।' 'अमर सिंह चमकीला' 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां गांधीनगर स्थित सिंधी पंचायत धर्मशाला में शिवरात्रि के मौके पर चल रही शिव महापुराण के प्रथम दिन कथा वक्ता वृंदावन से आए बाल शुक पुण्डरीक कृष्णजी महाराज ने बुधवार को कहा कि महादेव परम वैष्णव हैं। जो गोपी रूप में भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन करते आते हैं।








## शुभारंभ

बेंगलूरु के हेस्सरगट्टा मेन रोड पर मंगलवार को देश की अग्रणी सेनेटरी और लाइटिंग कंपनी जैक्वार के नए जेडीसी (जैक्वार डिस्प्ले सेंटर) का उद्घाटन एमटी हेगड़े (जोनल प्रमुख-दक्षिण जैक्वार समूह) के कर कमलों द्वारा किया गया। जय माताजी इंटरप्राइजेज के प्रमुख महेंद्र कुमार शर्मा ने एमटी हेगड़े का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक अरुण, उप प्रबंधक राजेश शर्मा, प्रबंधक नागराज रायकर, एमडी शिवा सिरेमिक्स नागेंद्र बाबू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के प्रमुख संपादक श्रीकांत पाराशर ने भी महेन्द्र कुमार शर्मा को शुभकामनाएं दीं।

# दो दिवसीय 'जिनकुशलसूरी दादा मेला' 9 से

## शनिवार को होगी रंगारंग भक्ति संध्या, अंकित लोढ़ा देंगे प्रस्तुति

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के विमलनाथ जिनालय-यंत्र मंदिर व जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी के तत्वावधान में दादाश्री जिनकुशलसूरीश्वरजी की 691वीं पुण्यतिथि के मौके पर दो दिवसीय 'दादा मेला' का आयोजन बसवनगुड़ी आराधना भवन में किया जा रहा है। इस मौके पर संघ के प्रवक्ता अरविंद कोठारी ने बताया कि खरतरगच्छ आचार्यश्री



जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी के शिष्य मलयप्रभसागरजी की निश्रा व साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी के सान्निध्यता में आयोजित इस मेले में पहले दिन शनिवार को शाम को भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें रायपुर से आने वाले प्रसिद्ध भजन गायक अंकित लोढ़ा भक्ति की रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह 8.30 बजे परमात्मा की पालकी एवं शहर के विभिन्न महिला, सामायिक, सेवा, बालिका व बैंड मंडलों द्वारा विशेष शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के बाद सुबह 10.30 बजे गुणानुवाद सभा तथा उसके बाद स्वामीवात्सल्य होगा। दोपहर में खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा गुरुदेव की बड़ी पूजा तथा शाम को 7 बजे जिनदत्तकुशलसूरी जैन सेवा व संगीत व मंडल द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन होगा। इस दादा मेले के सम्पूर्ण लाभार्थी शांतिदेवी चुन्नीलाल, तनसुखराज, जवेरीलाल, राजेन्द्रकुमार गुलेच्छा परिवार वाले हैं। आयोजकों ने सभी गुरु भक्तों को इस दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है। दादा मेले को लेकर संघ व समाज में विशेष उत्साह व्याप्त है।

# भगवान शिव की कथा से सभी कष्ट दूर होते हैं : पुण्डरीक कृष्णा महाराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां गांधीनगर स्थित सिंधी पंचायत धर्मशाला में शिवरात्रि के मौके पर चल रही शिव महापुराण के प्रथम दिन कथा वक्ता वृंदावन से आए बाल शुक पुण्डरीक कृष्णजी महाराज ने बुधवार को कहा कि महादेव परम वैष्णव हैं। जो गोपी रूप में भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन करते आते हैं। तथा भगवान राम, कृष्ण परम शैव्य हैं जो सदा शिव को रामेश्वरम और गोपेश्वर के रूप में पूजन एवं आराधना करते हैं। साथ ही शिव महापुराण के महात्म्य में बाल व्यास ने बताया कि ज्ञान शून्य एवं अत्यन्त पतित ब्राह्मण देवराज वह भी गलती से श्री शिवमहापुराण की कथा को सुनकर मुक्त हो गया था। अत: श्री शिवपुराण की कथा सभी जीवों को मोक्ष एवं शिवलोक प्रदान करने वाली है। इस लोक के सभी समस्त कष्ट एवं संकटों का निवारण देवाधिदेव महादेव की कथा श्रवण करने से होता है। कथा में उपस्थितों ने कथा के साथ कीर्तन भजन श्रवण का आनंद उठाया। पंच दिवसीय यह कथा प्रतिदिन दोपहर में 4 से रात्रि 7 बजे तक चलेगी।

## आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के केंगेरी उपनगर में जय महादेव युवा संघ के तत्वावधान में 8 मार्च को होने जा रहे महाशिवरात्रि महोत्सव के मौके पर चेलेघट्टा स्थित चामुन्डेश्वरी माता मंदिर में 'एक शाम भोलेनाथ के नाम' का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान के भजन कलाकार आशा वैष्णव सहित अन्य इसमें अपनी प्रस्तुति देंगे। संघ के सदस्यों ने मंगलवार को मारूति मेडीकल के प्रमुख एवं गौसेवक महेन्द्र मुणोत को उनके विजयनगर स्थित प्रतिष्ठान पर जाकर कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

## पाकिस्तान समर्थक नारा मामला

# कर्नाटक भाजपा ने कांग्रेस नेताओं के साथ आरोपियों की तस्वीरें जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में पुलिस ने कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थित नारा लगाने के मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक भाजपा ने बुधवार को मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक मोहम्मद शफी नसीपुड़ी की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। भाजपा का कहना है कि भारत में कांग्रेस ने राष्ट्र विरोधियों की एक समिति बनाई है। कमेटी के सदस्य वे लोग हैं जिन्होंने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शफी के राहुल गांधी और राज्यसभा सदस्य सैयद नसीर हुसैन से संपर्क हैं। वह जब चाहे मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से भी मिलने की क्षमता रखते हैं।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,कांग्रेस नेता चिंतित हैं कि वे राष्ट्र-विरोधी समिति के सदस्य मोहम्मद शफी को नहीं बचा सके ।

भाजपा ने आरोपी मोहम्मद शफी की मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, डीके शिवकुमार, एआईसीसी मीडिया पवन खेड़ा, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और एमएलसी सलीम अहमद और पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली



के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की। इस बीच, उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी शहर में सीएम सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा, सरकार किसी निजी संस्था की एफएसएल परीक्षण रिपोर्ट को प्रमाण पत्र नहीं देगी। पाकिस्तान समर्थित नारा मामले में पुलिस विभाग की ओर से दी गई रिपोर्ट अंतिम है। भाजपा ने एक निजी एफएसएल रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया है और लोगों को गुमराह कर रही है। वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा की ओर से की आ रही लगातार आलोचना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार के दौरान मामले की जांच की गई है। लेकिन, भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान लगे पाकिस्तान समर्थक नारे की घटना की जांच तक नहीं कराई।''

# न्यू तिप्पसान्द्रा में महाशिवरात्रि महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री महालिंगेश्वर



सेवा ट्रस्ट द्वारा महालिंगेश्वर महाशिवरात्रि एवं रथोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार 7 मार्च को न्यू तिप्पसान्द्रा के पूर्णाप्रज्ञा खेल मैदान से भगवान श्री महालिंगेश्वर स्वामी का विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यहां से भगवान का लिंग श्री वीरंजनैय्या स्वामी मंदिर ले जाया जाएगा। शोभायात्रा में 108 कुंभ कलश और विभिन्न कला मंडलियों शामिल होंगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुणरंजन शेट्टी ने बताया कि 8मार्च को प्राण प्रतिष्ठा, शतरुद्राभिषेक व महाप्रसाद का वितरण होगा। शाम को रथोत्सव होगा तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# तमिलनाडु में कांग्रेस एआईएडीएमके के साथ कर सकती है गठबंधन

चेन्नई। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ हाथ मिला सकती है। डीएमके से कांग्रेस ने 9 सीटों की मांग की थी लेकिन डीएमके महज 7सीटें ही दे रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने आईएएनएस को बताया कि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व एआईएडीएमके के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहते हैं। एआईएडीएमके हमें 16 सीटें देना चाहती है, तो हम क्यों नहीं उनके साथ गठबंधन करें। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि एआईएडीएमके और कांग्रेस एक-दूसरे के हाथ मिलाने के लिए तैयार है। एआईएडीएमके कांग्रेस को 16 सीटें देने का मन बना चुकी है।



# 'सफल होने का गुरूर नहीं करना चाहिए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। यहां सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में बुधवार को आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि जिन्दगी में खुद को बड़ा बनाने के लिए अपने आप को बहुत बेहतर बनाना पड़ता है। कई कड़े नियम और कार्यों को करने से बड़े बनते हैं। आप पहले बेहतर बनते हैं बाद में बड़े बनते हैं। कोई इंसान बिना बेहतर बने अपने आप बड़ा नहीं बन सकता है। जीवन में हमेशा बेहतर बनने की शुरुआत करनी चाहिए। जो लोग बहुत अच्छा अपने कार्यक्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वह काम करने के नशे में चूर न हों। सफलता एक नशा है, दीवानगी है, अमीरी है। यदि आप किसी क्षेत्र में सफल होने के लिए जुनून पैदा नहीं कर पा रहे हैं तो सिद्धि कभी नहीं आपके पास आएगी।

जुनून के साथ प्रभु तीर्थंकर भी विश्वास होना चाहिए। वहीं जीवन को तारते हैं। उनमें आस रखने वाला और पुरुषार्थ करने वाले को वह संवार देते हैं। गुरुवार को सुबह नूतन बालमुनि श्री ओमपद्मसागरजी की बड़ी दीक्षा के रूप में व्रतोचरण का विधान होगा।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र का मसौदा खरगे को सौंपा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति ने घोषणा पत्र का मसौदा बुधवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दिया। समिति के प्रमुख पी चिदंबरम एवं इसके कुछ अन्य सदस्यों ने खरगे को घोषणा पत्र का मसौदा सौंपा। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के निर्माण तक, दूरसंचार एवं आईटी क्रांति से उदारीकरण तक, समावेशी शासन से अधिकार आधारित प्रतिमान तक कांग्रेस हमेशा भारत के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है।




उन्होंने कहा, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए न्याय पर आधारित हमारे घोषणापत्र का मसौदा तैयार है और आज कांग्रेस घोषणापत्र समिति द्वारा मुझे प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति के समक्ष इसे अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस का घोषणा पत्र 'न्याय के पांच स्तंभों' पर केंद्रित रहने वाला है और जिसमें पार्टी युवाओं को प्रशिक्षण के साथ मानदेय देने, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने, जाति जनगणना कराने तथा 'अग्निपथ' योजना को खत्म करने जैसे कई बड़े वादे कर सकती है। पूर्व पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली घोषणा पत्र समिति ने चुनाव मुद्दों के संदर्भ में लंबी मंत्रणा की है।

पार्टी की घोषणापत्र समिति में प्रियंका गांधी वाड्रा, शशि थरूर, जयराम रमेश और आनंद शर्मा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं।समिति के प्रमुख सदस्यों ने मंगलवार दोपहर पार्टी मुख्यालय में बैठक कर दस्तावेज़ के मसौदे को अंतिम रूप दिया था।

# माहेश्वरी भवन में मित्र मंडल का महाशिवरात्रि महोत्सव कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में किया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष रामेश्वरलाल पंचारिया ने बताया कि 8 मार्च को रात्रि 8 बजे से प्रभु प्रसाद ठंडाई व भजन कीर्तन



का शुभारंभ होगा तथा रात्रि 11 बजे बाबा भोलेनाथ की महाआरती की जाएगी। इसके बाद 11.15 बजे प्रसाद के रुप में फलाहार का आयोजन भी किया जा रहा है। मंडल के मंत्री कमल लिल्हा ने बताया कि इस महोत्सव में शहर के जाने माने गायक कलाकार निरंजन सारड़ा व हरिकिशन सारड़ा भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में भगवान शिव की विशेष झांकी भी सजाई जाएगी। आयोजकों ने सभी शिव भक्तों को महोत्सव में शामिल होने का निवेदन किया है।

# एनआईए ने कैफे विस्फोट के मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है। एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। एनआईए अपने स्तर पर जांच कर रहीहै। बेंगलूरु पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए काफी प्रयास कर रही है। धमाके हुई जगह के आसपास पुलिस ने 2000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। कई जगहों पर संदिग्ध को देखा गया है। पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि जल्दी ही इस सिलसिले में बड़ी लीड हाथ लगने वालीहै।

# अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर बख्शी स्टेडियम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं हो। उन्होंने बताया कि पूरा स्टेडियम तिरंगा के रंग में रंग गया है। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं। भाजपा नीत केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मोदी कृषि-अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये के 'समग्र कृषि विकास कार्यक्रम' की शुरुआत करेंगे। इस कार्यक्रम द्वारा समर्पित दक्ष किसान पोर्टल के माध्यम से लगभग 2.5 लाख किसानों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जाने की आशा है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com